Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -270 बुधवार ,03 अगस्त 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

सूर्य जैसे जल को खींचता और बरसाता है, उसी तरह हमें भी द्रव्य लेना और देना चाहिए।

-श्रीमद्भागवतगीता-

## प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदली

### लोगों से भी तिरंगा लगाने की अपील की

**नई दिल्ली , 02 अगस्त 2022।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपनी प्रोफाइल तस्वीर बदल दी और अपने सोशल मीडिया अकाउंट में की प्रोफाइल पर 'तिरंगा' लगा दिया है। इसके साथ लोगों से 2 से 15 अगस्त के बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के अपने अकाउंट पर झंडा लगाने का आग्रह भी किया। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा,आज 2 अगस्त विशेष है! ऐसे समय में जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, हमारा देश हर घर तिरंगा, हमारे तिरंगे को मनाने के लिए एक सामूहिक आंदोलन के लिए पूरी तरह तैयार है। मैं अपनी सोशल मीडिया पर फोटो बदल रहा हूं और आपसे भी यही करने का आग्रह करता हूं।




पिंगली वेंकय्या को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए एक अन्य ट्वीट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,मैं महान पिंगली वेंकय्या को



उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि देता हूं। हमारा राष्ट्र हमें तिरंगा देने के उनके प्रयासों के लिए हमेशा उनका ऋणी रहेगा, हमें बहुत गर्व है। तिरंगे से ताकत और प्रेरणा लेते हुए हम राष्ट्र की प्रगति के लिए काम करते रहें।

31 जुलाई को अपने मासिक रेडियो संबोधन 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक एक विशेष आंदोलन 'हर घर तिरंगा, हर घर तिरंगा' का आयोजन किया जा रहा है। इस आंदोलन का हिस्सा बनकर 13 से 15 अगस्त तक आप अपने घर पर तिरंगा फहराएं या इससे अपने घर को सजाएं।

उन्होंने आगे कहा, मेरा यह भी सुझाव है कि 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हम सभी अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पिक्चर्स में तिरंगा लगा सकते हैं। 2 अगस्त का हमारे तिरंगे से विशेष संबंध है। यह दिन पिंगली वेंकैया जी की जयंती है, जिन्होंने डिजाइन किया था। हमारा राष्ट्रीय ध्वज है।

## अब 65 साल की उम्र तक उड़ान भर सकते हैं एयर इंडिया के पायलट : रतन टाटा

**नई दिल्ली, 02 अगस्त 2022।** देश में स्टील किंग के नाम से मशहूर प्रमुख उद्योगपति रतन टाटा द्वारा संचालित विमानन कंपनी एयर इंडिया ने अपने पायलटों के अनुभव का लाभ लेने के साथ ही पायलटों को लम्बे समय तक रोजगार के अवसर प्रदान करने लिए पायलटों के सेवानिवृत्ति की अवधि को बढ़ाते हुए 65 साल की आयु तक विमान उड़ाने की अनुमति देने का फैसला किया है। समूह के आंतरिक दस्तावेजों से मिली जानकारी के अनुसार, कंपनी ने अपने बेड़े की विस्तार योजना को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय किया है। एयर इंडिया की तरफ से 29 जुलाई को जारी दस्तावेजों में कहा गया है कि नागर विमानन महानिदेशालय ने पायलटों को 65



साल की आयु तक विमान उड़ाने की मंजूरी दे रखी है।

एयर इंडिया में यह आयु सीमा 58 साल है। पायलटों को 65 साल की आयु तक उड़ान भरने की अनुमति देना उद्योग में ज्यादातर एयरलाइन कंपनियों द्वारा अपनाई जाने वाली व्यवस्था है। विमानन कंपनी दरअसल अपने बेड़े में 200 से अधिक नए विमान शामिल करने की योजना बना रही है। इसमें 70 प्रतिशत विमान छोटे किस्म के होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आईएएस रेणुका कुमार ने दिया इस्तीफा,ब्यूरोक्रेसी में मचा हलचल



**लखनऊ, 02 अगस्त 2022।** आईएएस रेणुका कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. इसके बाद से ब्यूरोक्रेसी में हलचल मची हुई है. रेणुका कुमार यूपी कैडर की सीनियर आईएएस अफसर रही हैं. बता दें कि एक हफ्ते के भीतर 3 आईएएस अधिकारियों ने इस्तीफा दिया है. इस्तीफा देने वालों में जूथिका पाटणकर, विकास गोठलवाल, वहीं अब रेणुका कुमार ने इस्तीफा सौंपा है.

जानकारी के मुताबिक वो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गईं उसके बाद उन्होंने अपना इस्तीफा सौप दिया. वहीं इसके पहले चर्चा थी कि वो योगी सरकार में फिर वापसी करेंगी. लेकिन उनके इस्तीफे ने सभी को चौंका दिया है।

### पीएम नरेंद्र मोदी भगवान का वरदानः सीएम शिवराज ने केंद्रीय मंत्री गडकरी के सामने PM की तारीफ में पढ़े कसीदे,बोले- कल्पवृक्ष सामने हो तो कुछ न कुछ मांगना पड़ता है



**इंदौर, 02 अगस्त 2022।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीएम नरेंद्र मोदी को भगवान का वरदान कहा है। दरअसल केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को इंदौर दौरे पर पहुंचे। नितिन गडकरी ने इंदौर को 2300 करोड़ की लागत से बनने वाले 6 सड़क परियोजनाओं और एमिनिटी वे की सौगात दी। इस दौरान मंच से लोगों को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी के सामने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पीएम नरेंद्र मोदी को भगवान का वरदान कहा। सीएम शिवराज ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी भगवान का वरदान हैं। 2014 के बाद कुल लगभग ढाई लाख करोड़ के काम मध्यप्रदेश के दिए हैं। पूरे माध्यप्रदेश में काम हो रहा है। चारो तरफ़ काम हो रहा है। शिवराज ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से कहा कि आप से जितनी सड़कें मांगी आपने कभी मना नहीं किया। सच में भारत बदल रहा है। कल्प वृक्ष सामने हो तो कुछ न कुछ मांगना पड़ता है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि इंदौर का विजन हमने आपको बताया था। इंदौर के बढ़ते हुए ट्रैफिक को देखते हुऐ कई फ्लाई ओवर ब्रिज बना दिए। अब हम धरती नहीं आसमान में भी रास्ता चाहते हैं। परिवहन के लिए आसमान भी है। लिहाजा इंदौर में केबल कार की अनुमती प्रदान करें।

## 'अग्निवीर' वीर सिंह को बहन ने दी मुखाग्नि

### बोली- गुनहगारों को होगी फांसी, तभी बदला होगा पूरा, कल अस्पताल अग्निकांड में हुई थी मौत



**जबलपुर, 02 अगस्त 2022।** मप्र के जबलपुर के न्यू लाइफ मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में हुई अग्निकांड में अस्पताल के तीन कर्मचारियों ने भी दम तोड़ दिया. मरने वाले अस्पताल के स्टॉफ में जबलपुर के कंचनपुर निवासी वीर सिंह भी शामिल है. वीर सिंह तो इस दुनिया से रुखसत हो गए, लेकिन अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए. 30 साल के रहे वीर सिंह पिछ्ले दो साल से इस अस्पताल में काम कर रहे थे. बताया जा रहा है कि वीर सिंह की मौत अस्पताल के अंदर दम घुटने से हुई है. वीर सिंह ने कोरोना काल में इस अस्पताल में ज्वाइन किया था.

**डेढ़ साल पहले हुई थी शादी**

जबलपुर के रहने वाले दिवंगत वीर सिंह की शादी डेढ़ साल पहले हुई थी. वीर सिंह ने एक बिन माता पिता की लड़की से शादी रचाई थी, वीर सिंह की तीन महीने की बच्ची भी है. वीर सिंह की विधवा पत्नी पुरी तरह हाउसवाइफ है जो वीर सिंह के इस दुनिया से जाने के बाद पूरी तरह बेसहारा महसूस कर रही हैं. बहन ने गुनहगारों को फांसी देने की मांग की है, तभी बदला पूरा होगा.।

जबलपुर अस्पताल अग्निकांड

## मालिकों पर एफआईआर दर्ज और मैनेजर गिरफ्तार

### पीसी शर्मा ने कहा- मध्यप्रदेश में कौरव राज चला रही बीजेपी, उमा भारती बोलीं- नीचे से ऊपर तक के जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई

**जबलपुर/भोपाल, 02 अगस्त 2022।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के न्यू लाइफ अस्पताल आग्निकांड में 2 नर्स और एक स्टाफ समेत 8 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई. अब अस्पताल के 4 मालिकों पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है. मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है. कांग्रेस ने इसे हत्या बताते हुए मृतकों को 1-1 करोड़ और घायलों को 50 लाख मुआवजा देने की मांग की है. स्क्कमें बीजेपी कौरव राज चला रही है. पूर्व सीएम उमा भारती ने कहा कि नीचे से लेकर ऊपर तक के जिम्मेदारों पर कार्रवाई होना चाहिए.



जबलपुर अग्निकांड गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि न्यू लाइफ अस्पताल के मालिक पर 304 आदतन हत्या, 308 गैर इरादतन हत्या का प्रयास चारों मालिकों के खिलाफ दर्ज किए गए है. मैनेजर राम सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है. फायर सेफ्टी के संबंध में कमियां पाई गई है. जांच कमेटी भी बनाई गई है, जो अलग-अलग मामले की जांच करेगी.

### बीजेपी कौरव राज चला रही- कांग्रेस

अब आगजनी घटना पर सियासत भी हो रही है. पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने घटना को मर्डर बताया है. उन्होंने कहा कि जैसे महाभारत काल में पांडवों को मारने की कोशिश गई थी. बीजेपी कौरव राज चला रही है. मौत का तांडव पूरे प्रदेश भर में हो रहा है. अस्पताल में गया हुआ आदमी ज़िंदा लौटने के लिए जाता है, लेकिन बीजेपी की सरकार में लगता है की उन्हें मारने के लिए अड्मिट किया जाता है. कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि मृतकों को 1-1 करोड़ का मुआवज़ा दिया जाए. घायलों को 50 लाख दिया जाए. चाहे मंत्री लेवल की गलती हो पर कार्रवाई जल्द किया जाए.।

### नीचे से लेकर ऊपर तक के जिम्मेदारों पर होना चाहिए कार्रवाई- उमा भारती

अस्पताल में आग की घटना पर पूर्व सीएम उमा भारती ने ट्वीट किया है. जबलपुर के हॉस्पिटल में हुई घटना से मैं बहुत दु:खी हूं. इस घटना के लिए नीचे से ऊपर तक कौन



जिम्मेदार हैं, उन सब पर कार्रवाई होनी चाहिए. भोपाल के हमीदिया हॉस्पिटल में आग लगने की घटना के समय मैंने राज्य सरकार से सभी हॉस्पिटलों के फायर ऑडिट(निरीक्षण) करने को कहा था, फायर ऑडिट हुआ या नहीं.

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नेशनल हेराल्ड दफ्तर सहित 12 ठिकानों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली , 02 अगस्त 2022।** नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है. प्रवर्तन निदेशालय की टीम दिल्ली स्थित नेशनल हेराल्ड के दफ्तर में छापेमारी कर रही है.

बताया जा रहा है कि ED ने दिल्ली स्थित नेशनल हेराल्ड के दफ्तर सहित 12 ठिकानों पर छापा मारा है. यह कार्रवाई सोनिया और राहुल गांधी से पूछताछ के बाद की गई है. इससे लगता है कि गांधी परिवार के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है.




क्या नेशनल हेराल्ड मामला?

बीजेपी के सीनियर लीडर सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में ट्रायल कोर्ट में पिटीशन दायर कर आरोप लगाया था कि राहुल-सोनिया गांधी सहित कुछ अन्य नेताओं ने गलत तरीके से यंग इंडिया लिमिटेड के जरिए एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का टेकओवर किया. ये सब दिल्ली स्थित हेराल्ड हाउस की 2000 करोड़ रुपए की बिल्डिंग पर कब्जा करने के लिए किया गया था. कांग्रेस ने 1938 में एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड (छ्रु) नामक कंपनी बनाई थी.यही कंपनी नेशनल हेराल्ड अखबार पब्लिश करती थी.

26 फरवरी 2011 को छ्रु पर 90 करोड़ से ज्यादा का कर्ज बताया गया था. इसे ही उतारने यंग इंडिया लिमिटेड नाम से एक नई कंपनी खड़ी की गई. इसमें राहुल और सोनिया की हिस्सेदारी 38-38त्न बताई जाती है.

यंग इंडिया को AJL के 9 करोड़ शेयर दिए थे. जांच में पता चला है कि इसमें पैसों का हेरफेर हुआ. श्वष्ठ इसी मामले की जांच कर रही है. लेकिन कांग्रेस इसे एक राजनीति प्रतिशोध बताकर विरोध कर रही है.।

## कानून विभाग में बंपर बर्खास्तगी

### 900 सरकारी वकील किए गए बर्खास्त,हाईकोर्ट से लेकर राजधानी तक हाहाकार

**लखनऊ, 02 अगस्त 2022।** प्रदेश से सबसे बड़ी खबर आ रही है. कानून विभाग में बंपर बर्खास्तगी की गई है. 900 सरकारी वकील बर्खास्त किए गए हैं. इलाहाबाद हाईकोर्ट से लेकर राजधानी लखनऊ तक हाहाकार मच गया है. अपर महाधिवक्ता से लेकर ब्रीफ होल्डर तक बर्खास्त किए गए हैं. इलाहाबाद हाईकोर्ट और लखनऊ बेंच में बर्खास्तगी हुई है. बर्खास्तगी का आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है.



बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट और लखनऊ खंडपीठ के करीब 900 सरकारी वकील बर्खास्त किए गए हैं. बड़े पैमाने पर हुई सरकारी वकीलों की बर्खास्तगी के बाद अब नये वकीलों को मौका मिलेगा. आपको बता दें कि हर पांच साल पर सरकारी वकीलों को लेकर आदेश जारी होते हैं. कुछ सरकारी वकील हटाए जाते हैं, जिसके बाद नए लोगों को मौका मिलता है.

बता दें कि सरकारी वकील की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है. केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों में से कोई भी सरकार वकीलों की नियुक्ति कर सकती है. हालांकि, नियुक्ति कौन सरकार करेगी वो इस बात पर निर्भर होगी कि आप किस कोर्ट में वकालत करना चाहते हैं. हाई कोर्ट में सरकारी वकीलों की नियुक्ति, उस राज्य की सरकार और केंद्र सरकार द्वारा, उच्च न्यायालय से विचार और परामर्श करने के बाद किया जाता है.।

## भारत में तेजी से बढ़ रहा मंकीपॉक्स का खतरा

### केरल में एक और मरीज की हुई पुष्टि,देशभर अब तक 7 मामले आए सामने

**नई दिल्ली , 02 अगस्त 2022।** भारत में अब मंकीपॉक्स के फैलने का खतरा तेजी से बढता जा रहा है. केरल में एक और संदिग्ध मरीज की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है. इसे लेकर राज्य अब कुल मामलों की संख्या बढकर पांच हो गई है. जबकि देशभर की बात करें तो इसकी संख्यां बढ़कर अब 7 पहुँच गई है.इधर बढ़ते खतरें को देखते हुए केंद्र सरकार ने भी अलर्ट जारी कर दिया है. साथ ही राज्यों को भी सावधानी बरतने के निर्देश दिए है.

स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मंगलवार को कहा कि व्यक्ति 27 जुलाई को कालीकट हवाई अड्डे पर विमान से उतरा था और मलप्पुरम जिले में एक अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है. मंत्री ने कहा कि उसकी हालत स्थिर है. व्यक्ति के माता-पिता और उसके संपर्क में आए अन्य लोगों पर नजर रखी जा रही है.

बता दें कि शनिवार को केरल के त्रिशूर में एक 22 साल के व्यक्ति की मौत हो गई थी. मृतक में मंकीपॉक्स के लक्षण पाए गए थे और वह हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा कर भारत लौटा था.



### मंकीपॉक्स के लक्षण

इस संक्रमण की चपेट में आने के एक या दो हफ्ते बाद बुखार, सिर में दर्द, कोशिकाओं के छोटे या गोलाकार समूह में सूजन और हड्डियों में दर्द के लक्षणों के साथ संक्रमण फैलता है. इसमें आम तौर पर बुखार आने के एक से तीन दिनों में त्वचा पर दाने निकल आते हैं, खासतौर से चेहरे, हाथों और पैर पर.

### कैसा फैलता है ये संक्रमण

मंकीपॉक्स से पीड़ित व्यक्ति के संपर्क में आने पर मंकीपॉक्स फैल सकता है. ऐसे व्यक्तियों को आइसोलेशन में रहना चाहिए और किसी स्वस्थ व्यक्ति के शारीरिक संपर्क में आने से बचना चाहिए. इसके अलावा डॉ. से संपर्क करना चाहिए. ।

## गरीबों के निवाले में लगे कीड़े !

### खाद्य मंत्री के जिले में ट्रांसपोर्टर और वेयर हाउस की लड़ाई में सड़ गया 2.30 करोड़ का चावल

**अनूपपुर, 02 अगस्त 2022।** मध्यप्रदेश के खाद्य मंत्री के गृह जिले में एक बार फिर ट्रांसपोर्टर और वेयर हाउस की लड़ाई के चलते 2 करोड 30 लाख का चावल खराब हो गया। गरीबों की थाली में पहुंचने वाला अनाज कीड़ों का निवाला बन गया और जिम्मेदार एक-दूसरे पर आरोप लगाकर खुद का बचाव कर रहे हैं।



अनूपपुर जिले के कोतमा विकासखंड अंतर्गत शुभ वेयर हाउस बिजुरी में वर्ष 2017-18 और 2018-19 में भंडारित सीएमआर चावल का समय पर उठाव नहीं किए जाने के कारण 4 स्टेक लगभग 6051क्विंटल चावल पूरी तरह से खराब हो चुका है। 4 स्टेक में से 2 स्टेक चावल जो कि खाने योग्य ही नहीं बचा है। जिस पर अब नागरिक आपूर्ति विभाग सड़े हुए चावल के अपग्रेडेशन करने की तैयारी में जुट गया है।

इस पूरे खेल में नागरिक आपूर्ति विभाग के केन्द्र प्रभारी की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है, जिन्होंने नियमानुसार चावल के उठाव में फीफो नियम का पालन नहीं किया। इस कारण हजारों क्विंटल चावल सड़ गया और कॉर्पोरेशन को एक बार फिर अनूपपुर जिले से करोड़ों रूपए की क्षति हुई है।

केन्द्र प्रभारी और उस समय के ट्रांसपोर्टर के बीच की निजी लड़ाई ने शासन को करोड़ों रूपए का नुकसान पहुंचाया है। वहीं तत्कालीन वेयर हाउस कोतमा के शाखा प्रबंधक द्वारा भी गोदाम में भंडारित चावल की सुरक्षा मानको और बिना देखरेख के कारण पूरी तरह से सड़ चुका है, जो अब खाने योग्य ही नहीं बचा।

CMYK

# मब्स के सिलाई किये झंडों से हर घरों में लहरायेंगे तिरंगे

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 02 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत, भारत के हरेक नागरिक को घर में तिरंगा झंडा फहराने की पहल की गयी है। जिसकी तैयारी स्वरूप अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा परसा स्थित महिला उद्यमी बहुउद्देशीय सहकारी समिति (मब्स) की महिलाओं को तिरंगा झंडा सिलने का एक बड़ा ठेका प्रदान किया गया है। ÷हर घर तिरंगा÷ आज़ादी का अमृत महोत्सव का उद्देश्य, आजादी की 75 वीं वर्षगाँठ में भारतीय नागरिकों के दिलोदिमाग में देशभक्ति की भावना को जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। मब्स को अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा सूती के 2 बाई 3 फीट साइज के 10,000 भारतीय ध्वज की सिलाई का आर्डर प्राप्त हुआ है। जिसे ग्राम परसा, साल्हि, तारा इत्यादि सहित कुल छः ग्रामों की चालीस से अधिक महिलाओं द्वारा पूरा किया जायेगा। इस बड़े आर्डर को पांच दिनों में पूरा करने की लिए मब्स की प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा कपड़े की कटिंग करके विलेज कॉर्डिनेटर्स के माध्यम से ग्रामों का दौरा कर सिलाई का कार्य प्रदान किया जा रहा है। इन झंडों को स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रशासन के समन्वय से घरों में वितरित किया जाएगा। मब्स से जुड़ी इन सभी महिलाओं को अदाणी फाउंडेशन के सहयोग स्थापित किये गए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षित किया गया था। और अब वे सभी आत्मनिर्भर बन घर बैठे ही सिलाई से अतिरिक्त कमाई कर रहीं हैं। इस तरह अदाणी फाउंडेशन ने सैकड़ों महिलाओं और उनके परिवारों के जीवन को बदल दिया है। मब्स में कार्यरत ग्राम साल्हि के विलेज कॉर्डिनेटर श्रीमती वेदमती उइके ने कहा कि,÷अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड का यह आर्डर हमारे समिति के लिए एक बहुत बड़ा लक्ष्य है जिससे न सिर्फ समिति के व्यापार में वृद्धि और मुनाफा होगा अपितु हमसे जुड़ी स्थानीय महिलाओं की आय में भी वृद्धि होगी। गौरतलब है कि आरआरवीयूएनएल अपने सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन और ग्रामीण संरचना विकास के कई कार्यक्रम संचालित करता है। अदाणी फाउंडेशन के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे मब्स की स्थापना स्थानीय महिलाओं के जीविकोपार्जन और आय अर्जन में बढ़ोत्तरी तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया गया है। वर्तमान में इन महिलाओं द्वारा मसाला निर्माण, सेनेटरी पैड्स निर्माण, डेयरी उत्पादन, मिनरल वाटर बॉटलिंग, जैविक खाद उत्पादन, फिनायल निर्माण इत्यादि इकाइयों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें सौ से अधिक महिलाओं को रोजगार प्राप्त है साथ ही पैंतीस से अधिक अधिक स्वसहायता समूहों की दो सौ पचास महिलाएं इसकी सदस्य हैं जिन्हें हर साल होने वाले मुनाफे में डिविडेंड भी प्रदाय किया जाता है। वहीं इन उत्पादों का विपणन आसपास ग्रामों में उपलब्ध रिटेल काउंटर्स में किया जाता है। अभी हाल ही में मब्स के सभी उत्पादों के विपणन हेतु वनविभाग द्वारा शुरू किये गए सी-मार्ट से भी आर्डर प्राप्त हुआ है।

# सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित न किए जाने की आशंका से किसान आक्रोशित

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 02 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**

वर्षा से प्रभावित लखनपुर और उदयपुर क्षेत्र में खेत सूखे पड़े हैं किसान परेशान और सूखा प्रभावित क्षेत्र घोषित न किए जाने की आशंका से चिंतित और आक्रोशित हैं।



इंटरनेट मीडिया में सूखा प्रभावित क्षेत्रों की सूची में लखनपुर और उदयपुर का नाम न देख प्रभावित ग्रामीणों ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक टीएस सिंह देव को वस्तुस्थिति से अवगत कराया था। स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने बताया उदयपुर और लखनपुर के सिंचाई परियोजनाओं में एफ एल टी के माध्यम से 5त्न से भी कम जलभराव इस वर्ष हुआ है । इसी आधार पर अन्य क्षेत्रों को सूखा प्रभावित माना गया है ऐसे में लखनपुर और उदयपुर क्षेत्र को सूखा घोषित किया जाना आवश्यक है लखनपुर ब्लाक के देवी टिकरा,सलका, पतराटोली,पर्री,मुकुंदपुर जैसे घुनघुट्टा माइनर कैनाल से लगे ग्रामों को छोड़कर किसी भी गांव में धान की और उपाय नहीं हुई है ज्यादातर खेत सूखे पड़े हैं जिन किसानों ने अपनी व्यवस्था से रोपा लगाया उनके खेतों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी है लखनपुर विकासखंड के ग्राम लहपट,निमहा,राजपुरी जैसे गांव में बहरा खेतों में भी धान की रोपाई अब तक नहीं हो सकी है उदयपुर विकासखंड के ग्राम देवगढ़, खमरिया,खोन्दला में भी धान के फसल की स्थिति बेहद खराब है किसानों ने बताया ज्यादातर किसान धान की फसल की उम्मीद छोड़ बैठे हैं। खेतों में रोपा लगाना तो दूर हल चलाने की स्थिति भी नहीं बन पा रही है।जिन्होंने पहले रोपा लगा लिया है वे भी उत्पादन के बजाए पुआल के लिए फसल ले रहे हैं। किसानों ने लखनपुर और उदयपुर क्षेत्र को तत्काल सूखा प्रभावित घोषित कर राहत कार्य प्रारंभ करने की मांग की है। निरीक्षण के दौरान विक्रमादित्य सिंह देव, सिद्धार्थ सिंह ,राजनाथ सिंह ,कृपा गुप्ता ,अमित सिंह देव, रणविजय सिंह देव, ओमप्रकाश सिंह, बबन रवि, धर्मेंद्र झारिया सहित क्षेत्र के कांग्रेस जन मौजूद थे।

बारिश में डबरी बना रहे पर सूखा नहीं उदयपुर विकासखंड के ग्राम कुंडला में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत डबरी का निर्माण किया जा रहा है। अगस्त के महीने में चल रहे निर्माण कार्य में 50त्न से अधिक श्रमिक काम पर लगे हैं। सामान्यता बारिश के दिनों में इस तरह के कार्य संभव नहीं होते। ग्रामीण जन खेतों में व्यस्त होने की वजह से रोजगार गारंटी के ग्राम में उपस्थित नहीं होते हैं मगर इस वर्ष सूखे के चलते किसान खेत छोड़ रोजगार गारंटी का काम कर रहे हैं। इसके बावजूद क्षेत्र को सूखा प्रभावित नहीं माना गया है।

## पत्नी को मायके पहुंचा कर पति ने फांसी लगाकर दी जान

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 02 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** पत्नी को मायके पहुंचा कर घर लौटा और कमरा बंद कर तेज साउंड में गाना बजा कर फांसी लगा लिया। घटना शहर से लगे आरटीओ कार्यालय सरगांवा मझलीपारा की है। देर शाम तक गाना बजता रआ और युवक कमरे से जब बाहर नहीं निकला तो परिजन ने खिड़की से देखा तो वह फंदे पर झूल रहा था।

जानकारी के अनुसार सरगवां आरटीओ कार्यालय स्थित मझलीपारा निवासी 25 वर्षीय सूर्या तिवारी पिता शिवराज की शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी। इसका एक भी संतान नहीं था। 31 जुलाई को पत्नी द्वारा किसी व्यक्ति से बात करने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। पत्नी बोली की मैं मायके चली जाऊंगी। इसके बाद युवक पत्नी को मायके बगीचा छोड़कर घर वापस आया और 1 अगस्त की दोपहर को कमरा बंद कर तेज साउंड में गाना बजाकर फांसी लगा लिया। देर शाम तक जब वह कमरे से बाहर नहीं आया और गाना बजता ही रहा तो परिजन ने खिड़की से झांक कर देखा तो वह फंदे पर झूल रहा था। परिजन घटना की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच कर उसे फंदे से उतरवाया और इलाज के लिए मिशन अस्पताल भिजवाया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# निरीक्षक व प्रधान आरक्षक के सेवानिवृति पर दी गई विदाई



-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 02 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** गत दिवस सरगुजा पुलिस मे पदस्थ निरीक्षक आरके केशरवानी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे पदस्थ प्रधान आरक्षक सिरील तिर्की के सेवानिवृत होने पर पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता के निर्देशन मे सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने अपने उदबोधन मे कहा कि सेवानिवृत पुलिस अधिकारी कर्मचारीयों ने पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है उसके लिए आप दोनों प्रसंशा के पात्र है। सेवनिवृत अधिकारी, कर्मचारियों से उनके कार्यकाल के अनुभव को साझा किया गया एवं सेवनिवृति के पश्चात की योजनाओं के संबंध मे भी जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और सेवनिवृति के पश्चात भी पुलिस विभाग के उच्च अनुशासन से स्वच्छ समाज के निर्माण मे सहयोग करने की अपील की गई। साथ ही कार्यालयीन स्टाप को जल्द सभी कार्यवाही पूर्ण कर सभी देयताय पूर्ण करने एवं पेंसन की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विदाई सम्मान समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशिक, स्टेनो फबियानुस तिर्की, रक्षित निरीक्षक जयराम चरमाको, रीडर अजीत मिश्रा, समस्त कार्यालयीन स्टाप एवं सेवनिवृत पुलिस अधिकारी, कर्मचारी के परिवारो के सदस्य आयोजन मे शामिल रहे।

# कुश्ती प्रतियोगिता में दीपक सरगुजा केशरी व प्रदीप पैकरा बने सरगुजा कुमार

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 02 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** सरगुजा कुश्ती संघ के तत्वाधान में नागपंचमी उत्सव पर मंगलवार को दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन मल्टी परपज हायर सेकेंडरी स्कूल अम्बिकापुर में की गई। जिसमें सुरगजा केशरी के लिए 16 पहलवान, सरगुजा कुमार के लिए 40 पहलवान, सुरगजा अभिमन्यु के लिए 20 पहलवान भाग लिए। सुरगजा केशरी 70 किग्रा से अधिक वजन श्रेणी के लिए फाइनल कुश्ती दीपक पैकरा अम्बिकापुर व कुंवर प्रसाद मनेन्द्रगढ़ के बीच हुआ। जिसमें विजेता सरगुजा केशरी दीपक पैकरा अम्बिकापुर का खिताब मिला व उप विजेता कुंवर प्रसाद रहे। सुरगजा कुमार के लिए 50 किग्रा से 70 किग्रा के लिए प्रदीप पैकरा व ओम प्रकाश के बीच कुश्ती हुआ। जिसमे सरगुजा कुमार प्रदीप पैकरा विजेता







व उप विजेता ओमप्रकाश रहे। सरगुजा अभिमन्यु के लिए 30 किग्रा से 50 किग्रा तक के लिए फाइनल कुश्ती अवनीश पाण्डेय व आयुष कुमार के बीच हुआ। जिसमें सरगुजा अभिमन्यु विजेता को खिताब अवनीश पाण्डेय अम्बिकापुर व उपविजेता आयुष कुमार मनेन्द्रगढ़ रहे। बालिका वर्ग में नेहा कुजूर विजेता व उप विजेता जय सुंदरी रही। सभी प्रतिभागी पहलवानों को प्रोत्साहन पुरुस्कार दिया गया। हस्तशिल्प बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मेजर अनिल सिंह ने कुश्ती के आयोजन और खिलाड़ियों को सराहा और हर संभव मदत की बात कही। नगर निगम के एमआईसी द्वितेंद्र मिश्रा ने कुश्ती कार्यक्रम के लिए स्थानिय विधायक की ओर से कुश्ती के गद्दे की घोषणा किए। साथ ही आयोजन में जिले सहित प्रदेश के पहलवानों को तकनीक के साथ प्रदर्शन की बात कही। सरगुजा कुश्ती संघ अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने कहा कि हमारा उद्देश्य खेल तथा खिलाड़ियों को बेहतर तकनीक से जोड़े रखना है ताकि जिले के पहलवान प्रदेश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरगुजा का नाम रौशन करें। निर्णायक मंडल विवेक पाण्डेय, संत सिंह गहरवार, राजेश प्रताप सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह, सौभिक दास गुप्ता थे। कार्यक्रम में संरक्षक मेजर अनिल सिंह, रामा पाण्डेय, ललन प्रताप सिंह, अजय तिर्की, भारत सिंह सिसोदिया,आलोक दुबे, कौशलेन्द्र पाण्डेय, राजेश तिवारी, माखन प्रसाद, सरगुजा कुश्ती संघ अध्यक्ष विकास पाण्डेय,दीपक सिंह तोमर, संजीव वर्मा,दीपांकर गुप्ता, सर्वेश तिवारी, आनन्द सिंह ,प्रकाश मणि त्रिपाठी, गोलु यादव, विवेक सिंह, अमोघ कश्यप, रोहित तिवारी, अमृत यादव, सोलु सिंह, चंदन शुक्ला, दीपक यादव, अभिजीत पाण्डेय, हर्ष पाण्डेय, अभिषेक तिवारी, रॉनी मिश्रा।

### विजेता व उप विजेता को किया गया पुरस्कृत

सरगुजा केशरी के लिए विजेता को 11000 नकद एवं उपविजेता को 5100 नकद, सरगुजा कुमार के लिए 5100 नकद एवं उप विजेता के लिए 3100 नकद राशि से पुरस्कृत अतिथियों के हाथों किया गया। वहीं प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

## जांच टीम ने महामाया स्वीट्स के लड्डू का लिया नमूना

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 02 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर रक्षाबंधन त्यौहार के सीजन में नकली खोवा तथा गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री की संभावना हो सकती है जिसके लिए समस्त मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा लरंग साय चौक स्थित महामाया स्वीट्स का जांच कर मिठाई का सैंपल लेकर नमूना जांच के लिए भेजा गया।एस.डी.एम. अम्बिकापुर श्री प्रदीप साहू ने बताया कि महामाया स्वीट्स में गुणवत्ताहीन लड्डू बेचने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर उन्होंने खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को उक्त प्रतिष्ठान के लड्डू एवं अन्य मिठाई की जांच करने के निर्देश दिए। निर्देश पर टीम के द्वारा खाद्य नमूनों को जब्त कर परीक्षण एवं विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया।

# कमिश्नर ने किया अल्प वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 02 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन के निर्देश पर सरगुज़ा कमिश्नर श्री जीआर चुरेन्द्र ने मंगलवार को सरगुज़ा जिले के लुण्ड्रा तहसील व बलरामपुर जिले के अल्प वर्षा प्रभावित क्षेत्रो का सघन दौरा कर जायजा लिया।



उन्होंने स्वयं खेत में उतरकर फसल व वर्षा की स्थिति का अवलोकन किया और अधिकारियों को किसानों को राहत देने अल्प वर्षा का नजरी आकलन करने के निर्देश दिए। इस दौरान लुण्ड्रा तहसील के ग्राम अमड़ी के सामुदगिक भवन में किसानों की समस्याएं सुनी। उन्होंने पटवारी द्वारा कुल रकबा व बोए गए फसल की जानकारी नहीं रखने पर फटकार लगाते हुए फसल व वर्षा की पूरी जानकारी रखने व मुख्यालय में ही रहने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तहसीलदार को भी मुख्यालय में रहने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने किसानों से वर्षा एवं फसल की स्थिति तथा मौसमी बीमारी के बारे में पूछताछ की। किसानों ने बताया कि वर्षा नहीं होने पर खेती मुश्किल से 30 प्रतिशत ही हुआ है। मक्का व अन्य फसलों में बीमारी भी फैल रहा है। इसके साथ ही लोगों में सर्दी-खांसी जैसे मौसमी बीमारी की शिकायत है। कमिश्नर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को राहत देने हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने किसानों से कहा कि अभी खेती किसानी के काम कम हो रहे है। इस स्थिति में मनरेगा के कार्य भी करे ताकि घरेलू खर्च के लिए हाथ में पैसा रहे। उन्होंने जनपद सीईओ और पीओ को मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण व डबरी निर्माण कार्य ज्यादा से ज्यादा स्वीकृत कराने और जो कार्य स्वीकृत हो गए है उन्हें शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने लुंड्रा तहसील के ग्राम पंचायत कर्रा में चौपाल लगाकर किसानों व ग्रामीणों की समस्या सुनी। उन्होंने कर्रा ग्राम पंचायत के नजदीक ही करीब 100 एकड़ रिक्त पड़े शासकीय जमीन को नर्सरी के रूप में विकसित करने तथा फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने क स्कूल के पास निर्मित तालाब की गहरीकरण करने व वर्षा का जल तालाब में पहुंचने के लिए नाली बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने खेत के आस-पास फैले गाजर घास तथा पुटुश के झाड़ी को श्रमदान के माध्यम से सफाई करने कहा ।

# कालशर्पदोष शांति व महा मृत्युंजय पूजन में शामिल हुए भक्त

-नगर संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 02 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** जय समलाया वास्तु एवं ज्योतिष केंद्र द्वारा पिछले 11 सालों से नाग पंचमी के अवसर पर काल सर्प दोष शांति एवं महामृत्युंजय जाप का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी अंबिकापुर के स्वर्णकार भवन में पूजन का विधि विधान से आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्त शामिल हुए। इसमें खास बात ये रही कि इस पूजन के जरिये सरगुजा में दिख रहे सूखे की आशंका को दूर करने की प्रार्थना भी भगवान शंकर से की गई। दरअसल नाग पंचमी के दिन काल सर्प दोष योग पूजा एवं महामृत्युंजय जाप का विशेष महत्व है। मां समलाया वास्तु एवं ज्योतिष केंद्र के संचालक एवं पूजन का आयोजन करने वाले पंडित योगेश नारायण मिश्र का कहना है कि हिन्दू दर्शन में दूध देने वाली गाय और विष देने वाले सर्प की पूजन के विशेष महत्व है। 2 सालों से कोरोना संक्रमण के कारण यह आयोजन प्रभावित रहा है, मगर इस बार पूरे विधि विधान से इस पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें वाराणसी के विशेष आचार्यो ने मंत्रोच्चार कर भक्तों को इस पूजन को कराया। साथ ही पूजन के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने भंडारे का लाभ भी लिया। पंडित योगेश नारायण मिश्र का कहना है कि इस आयोजन के जरिए सरगुजा में दिख रहे सूखे की आशंका से निजात दिलाने के लिए भी भगवान शंकर से प्रार्थना की गई है कि मेघ की कृपा सरगुजा संभाग पर बने ताकि अन्नदाता जो बेहद परेशान हैं और कृषि का कार्य पूरी तरीके से प्रभावित है वो सुचारू रूप से संचालीत हो सके। इसे लेकर भी भक्तों ने भगवान शंकर से प्रार्थना की है।






## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी हेतु बैठक 4 अगस्त को

**अम्बिकापुर, 02 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** सरगुजा जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस दिन के समारोह के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी करने पर विचार विमर्श के लिए 4 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

## शांति समिति की बैठक 4 अगस्त को


**अम्बिकापुर, 02 अगस्त 2022(घटती-घटना)।** इस वर्ष मोहर्रम 9 अगस्त, रक्षाबंधन, 11 अगस्त, जन्माष्टमी 19 अगस्त तथा गणेश चतुर्थी 31 अगस्त को मनाया जाएगा।

# भारतीय बाजार पर क्यों लौटा विदेशी निवेशकों का भरोसा ?

**नई दिल्ली, 02 अगस्त 2022।** भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों का भरोसा लौट रहा है। केवल जुलाई महीने में ही विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। संभवतया FPI के इसी निवेश का असर हुआ कि पिछले महीने 80 रुपये से नीचे गिर चुका रुपया दोबारा मजबूत हुआ है और अब यह 79.56 रुपये तक वापस आ चुका है। विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार पर यह भरोसा ऐसी स्थिति में दिखाया है, जब इसके ठीक एक महीने पहले यानी जून में इन्हीं निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से लगभग 50 हजार करोड़ रुपये निकाल लिये थे, जिससे शेयर बाजार में नकारात्मक संदेश गया था। विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार पर भरोसा क्यों लौट रहा है?

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार पर भरोसा यूं ही नहीं लौटा है। भारत की अर्थव्यवस्था इस समय दुनिया में सबसे ज्यादा तेज सात फीसदी से ज्यादा की गति से आगे बढ़ रही है। जबकि इसी बीच दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्थाएं नकारात्मक दर में चल रही हैं। चीन की अर्थव्यवस्था पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। उसके कई बैंक अपने निवेशकों को पैसा वापस करने तक की स्थिति में नहीं रह गए हैं। श्रीलंका, पाकिस्तान जैसे अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाएं तबाही के कगार पर हैं। अमेरिकी-यूरोपीय बाजारों में महंगाई की दर बहुत ज्यादा होने से लोग शेयर बाजार में निवेश करने से बच रहे हैं।

इसके उलट भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। सरकार का राजस्व संग्रह लगातार ऊपर जा रहा है। सरकार लगातार मूलभूत योजनाओं में निवेश बढ़ा रही है और इससे औद्योगिक सेक्टर में मांग बनी हुई है। सरकार के अलावा निजी क्षेत्र भी लगातार निवेश कर रहे



हैं। सौर ऊर्जा सेक्टर, हाइड्रोजन ऊर्जा क्षेत्र, दूरसंचार क्षेत्र, मूलभूत निर्माण क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों में लगातार निवेश बढ़ रहा है। विदेशी निवेशक देख रहे हैं कि भारतीय बाजार में लगातार मांग बनी हुई है जिससे दूसरी औद्योगिक गतिविधियां भी मजबूती से चल रही हैं। यही कारण है कि विदेशी निवेशकों का भरोसा भारतीय बाजार पर दोबारा लौट आया है। इससे भारत को लाभ मिल सकता है।

चूंकि भारतीय अर्थव्यवस्था का लगभग 70 फीसदी हिस्सा घरेलू मांग (उत्पाद और सेवा क्षेत्र) और निवेश के माध्यम से आता है, और इस मोर्चे पर देश ठीक गति से आगे बढ़ रहा है, लिहाजा भारतीय अर्थव्यवस्था इस चुनौतीपूर्ण समय में भी मजबूत बनी हुई है। केंद्र-राज्य सरकारों के निवेश इसे और ज्यादा मजबूती प्रदान कर रहे हैं। आने वाले समय में भी यह क्रम बना रह सकता है जिससे निवेशकों का भरोसा बाजार पर बना रह सकता है।


### निवेशकों को बेहतर रिटर्न की उम्मीद

आर्थिक विशेषज्ञ नरेंद्र तनेजा ने अमर उजाला को बताया कि विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार पर भरोसा लौटने का सबसे बड़ा कारण यह है कि उन्हें केवल भारतीय बाजार में ही निवेश का बेहतर रिटर्न मिलने की उम्मीद दिखाई पड़ रही है। इसी समय दूसरे देशों की अर्थव्यवस्थाएं अपेक्षाकृत सिकुड़ रही हैं या बहुत कम दर से आगे बढ़ रही हैं, जबकि आईएमएफ का भी अनुमान है कि भारतीय अर्थव्यवस्था कमजोरी की स्थिति में भी सात फीसद से ज्यादा की गति से आगे बढ़ेगी। यही कारण है कि विदेशी निवेशक एक बार फिर भारतीय बाजार की तरफ लौटना शुरू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह भरोसा बना रह सकता है।

### ब्याज दर बढ़ी तो क्या होगा असर

अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में 0.75 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी कर दी है। अनुमान है कि रिजर्व बैंक भी ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। इससे बाजार में तरलता में कमी आएगी और इसके परिणामस्वरूप महंगाई पर लगाम लगाने में कुछ मदद मिल सकती है। लेकिन इससे घरेलू कर्ज बाजार में दरों में बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे आम उपभोक्ता प्रभावित होंगे और लोन का बाजार कमजोर पड़ सकता है। इसका कुछ नकारात्मक असर बाजार में निवेश पर भी पड़ सकता है। हालांकि, यह असर सीमित समय के लिए होने का अनुमान है।

## आरबीआई के फैसले से पहले ही बढ़ने लगीं ब्याज दरें, आईसीआईसीआई बैंक, पीएनबी और एचडीएफसी ने महंगा किया कर्ज



**नई दिल्ली, 02 अगस्त 2022।** आरबीआई के पांच अगस्त के दरों को बढ़ाने के फैसले से पहले ही कर्ज महंगे होने शुरू हो गए हैं। कर्ज देनेवाले तीन बैंकों और एक वित्तीय संस्थान ने ब्याज दरें बढ़ा दी हैं। नई दरें एक अगस्त से लागू हैं। इससे होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन महंगे हो जाएंगे।

आरबीआई तीन से पांच अगस्त के बीच होने वाली बैठक में 0.35 से 0.50 फीसदी तक रेपो दर को बढ़ा सकता है। उसके बाद एक बार फिर से बैंक दरों को बढ़ाने का सिलसिला शुरू करेंगे। पिछले 3 महीने में बैंकों ने 5-6 बार ब्याज दरों में इजाफा किया है।

**एचडीएफसी लि. ने 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी**

एचडीएफसी लि. ने रिटेल प्राइम लेंडिंग रेट को 0.25 फीसदी बढ़ाकर 7.8 फीसदी कर दिया है। अप्रैल से अब तक पांच बार में दरों को 1.15 फीसदी बढ़ाया है। मई और जून में 2-2 बार दरों में बढ़ोतरी की है।

**पंजाब नेशनल बैंक का 0.10 फीसदी बढ़ा**

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने एमसीएलआर 0.10 फीसदी बढ़ाकर 7.95 फीसदी कर दिया है। एक साल की दर 7.55 से 7.65 फीसदी के बीच होगी।

# वंदे भारत ट्रेनों के सफर को यादगार बनाने में जुटी टाटा ग्रुप, सितंबर से मिलेगी ये सुविधा

**नई दिल्ली, 02 अगस्त 2022।** देश की सबसे विश्वसनीय कंपनियों में अग्रणी टाटा ग्रुप साल 2026 तक रिसर्ज और डेवलमेंट मद में 3000 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली है। ग्रुप के एक वरीय अधिकारी के अनुसार सितंबर 2022 से टाटा ग्रुप देश में चलने वाली प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत में सफर के अनुभव में एक नया आयाम जोड़ने वाली है। दरअसल, टाटा ग्रुप वंदे भारत ट्रेनों को अत्याधुनिक सीटिंग सिस्टम से लैस करने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पूर्ण रूप से भारत में बनी ये सीटें 180 डिग्री तक घूम सकेंगी। ऐसे में पहली बार देश में ट्रेन यात्रियों को वंदे भारत ट्रेनों में यात्रा करने पर विमान यात्रा जैसा अनुभव मिल पाएगा। बता दें कि देश में स्टील से लेकर नमक तक बनाने के कारोबार से जुड़े टाटा ग्रुप ने साल 2030 तक दुनिया भर के स्टील उद्योग में टॉप 5 तकनीकी फर्म के रूप में अपनी पहचान बनाने का लक्ष्य रखा है।

### 22 वंदे भारत ट्रेनों की सिटिंग सिस्टम बदलने में खर्च होंगे 145 करोड़ रुपये



टाटा स्टील के टेक्नोलॉजी और न्यू मैटेरियल बिजनेस विंग के उपाध्यक्ष देवाशीष भट्टाचार्य ने कहा है कि कंपनी को देश में चल रही सभी 22 वंदे भारत ट्रेनों की सिटिंग सिस्टम को बदलने का 145 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। आपको बता दें कि देश में चलने वाली सभी वंदे भारत ट्रनों में 16 कोच लगे होते हैं। टाटा कंपनी इन कोचों के सीटो को आधुनिक बनाने का काम करने वाली है। भट्टाचार्य ने कहा, 'वंदे भारत ट्रेनों में एक अलग तरह की डिजाइन की गई सीटें लगाई जाएंगी। ये सीटें 180 डिग्री तक घूम सकेंगी। ये सीटें विमानों में लगने वाली सीटों का अनुभव देंगी। भारतीय ट्रेनों में पहली बार इस तरह की अत्याधुनिक सीटों का इस्तेमाल किया जाएगा।' उन्होंने कहा है कि इन सीटों की सप्लाई इसी साल सितंबर महीने में शुरू होंगी और इसे एक साल के भीतर पूरा कर लिया जाएगा।

### नई सीटों की रख-रखाव लागत बहुत कम होगी

टाटा की ओर से वंदे भारत ट्रेनों में जो सीटें लगाई जाएंगी वे सीटें फाइबर रिइंफोर्स्ड पॉलिमर से बनीं हैं। प्रयोग में वे सुविधाजनक होने के साथ-साथ उनके रख-रखाव पर आने वाला खर्च भी बहुत कम है। इन सीटों को पूरी तहत देश में ही विकसित किया गया है। आपको बता दें कि वंदे भारत ट्रेनें फिलहाल देश में सबसे तेज गति से दौड़ने वाली ट्रेनें है, जो 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं। कंपनी के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा है कि टाटा ग्रुप वर्ष 2030 तक दुनियाभर के स्टील उद्योग में टॉप पांच टेक्नोलॉजी कंपनियों के बीच अपनी जगह बनाना चाहती है। कंपनी का अगले पांच सालों (वित्तीय वर्ष 2022 से 2026) में अपने रिसर्च और डेवलपमेंट से जुड़े क्रियाकलापों पर 3000 करोड़ रुपये खर्च करने का प्लान है।

### नीदरलैंड की कंपनी के सहयोग से शुरू होगा निर्माण

देवाशीष भट्टाचार्य के अनुसार टाटा स्टील सैंडविच पैनल बनाने के लिए एक ग्रीनफील्ड सुविधा स्थापित करने जा रही है। टाटा स्टील यह निर्माण स्थल महाराष्ट्र के खोपोली में नीदरलैंड की एक फर्म के साथ साझेदारी में शुरू करने वाली है। यहां रेल और मेट्रो कोचों की इंटीरियर के लिए एल्युमिनियम सैंडविच पैनल तैयार किए जाएंगे।




## दिल्ली से ढाका के लिए उड़ान भरने वाला था विमान, तभी नीचे आ गई कार

**नई दिल्ली, 02 अगस्त 2022।** दिल्ली एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक बड़ा हादसा टल गया। दरअसल एयरपोर्ट गो फर्स्ट एयरलाइन की एक कार इंडिगो एयरक्रॉफ्ट 320नियो के नीचे आ गई। कार विमान के नोज व्हील से टकराने से बाल-बाल बच गई।

इस मामले में विमान सेवाओं की नियामक संस्था डीजीसीए ने कहा है कि वह इस मामले की जांच करेगी। वहीं, नागरिक उड्डयन उद्योग के सूत्रों मुताबिक शुक्र इस बात की रही कि विमान को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

सूत्रों के अनुसार जिस विमान से कार टकराते-टकराते बची वह मंगलवार की सुबह ढाका की उड़ान भरने के लिए तैयार हो रहा था। तभी गो फर्स्ट एयरलाइन की स्वामित्व वाली एक कार एयरक्राफ्ट के नीचे आ गई और यह विमान की नोज व्हील से टकराने से बाल-बाल बच गई।

इस मामले में इंडिगो और गो फर्स्ट एयरलाइन की ओर से अब तक कुछ भी नहीं कहा गया

## पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

**नयी दिल्ली ,02 अगस्त 2022** । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 100 रुपये प्रति बैरल से नीचे आ जाने के बावजूद देश में मंगलवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं होने से आम आदमी के लिए यह राहत बनी हुयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.71 प्रतिशत गिरकर 99.32 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.65 प्रतिशत के दबाव के साथ 93.28 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा।

# योग और एरोबिक्स में से किसका अभ्यास करना अधिक फायदेमंद ?

वैसे तो वर्कआउट रूटीन में शामिल करने के लिए कई एक्सरसाइज हैं, जो शरीर को फिट एंड फाइन रखने में मदद कर सकती हैं। एरोबिक्स सभी एक्सरसाइज में से अधिक ट्रेंडिंग है। हालांकि, मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के अभ्यास को सबसे ज्यादा बेहतर माना जाता है क्योंकि यह दिमाग को शांत रखकर उसे कई विकारों से सुरक्षित रखने में सक्षम है। हालांकि, अगर आप इन दोनों के चयन के बीच उलझे हुए हैं तो आइए इसे सुलझाते हैं।

**एरोबिक्स क्या है?**

एरोबिक्स एक्सरसाइज को कार्डियोवैस्कुलर वर्कआउट के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह हृदय के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मददगार है और सभी मांसपेशियों तक बेहतर तरीके ऑक्सीजन की पूर्ति करने में भी मदद कर सकती है। इसके अतिरिक्त, एरोबिक अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाती है। यह रक्त शर्करा के स्तर को कम करती है और बढ़ते वजन को नियंत्रित करने में भी सहयोग प्रदान करती है।

**योग से क्या समझते हैं आप?**

योग एक ऐसी एक्सरसाइज है, जो मन, शरीर और आत्मा को मजबूती प्रदान करती है। योग विभिन्न प्रकार के होते हैं जैसे आसन (शारीरिक मुद्रा), प्राणायाम (श्वास व्यायाम) और मेडिटेशन (ध्यान)। योग के अभ्यास की मदद से आपको सिर्फ शारीरिक लाभ ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े फायदे भी मिल सकते हैं। बस इस एक्सरसाइज का अभ्यास करते समय सांस पर नियंत्रण रखना जरूरी है।

**वजन घटाने के लिए इस एक्सरसाइज को रूटीन में करें शामिल**



एरोबिक्स में हाई कैलोरी बर्निंग एक्सरसाइज शामिल है, जबकि योग कोर मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाने में सहायक है और मांसपेशियों के लचीलेपन में भी सुधार करता है। योग का आत्मा पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है और आध्यात्मिक विकास होता है। योग के कुछ रूप हैं, जैसे हॉट योग, जो वजन कम करने के लिए ही डिजाइन किया गया है। हालांकि, अगर वजन घटाना आपका प्राथमिक लक्ष्य है तो एरोबिक्स बेहतर विकल्प होगा।

**समग्र स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है यह एक्सरसाइज**

एरोबिक और योग दोनों समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे हैं। ये दोनों ही मेटाबॉलिज्म को तेज करते हैं, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करते हैं और शारीरिक मुद्रा में सुधार करते हैं। हालांकि, एरोबिक शरीर को वह शक्ति और लचीलापन प्रदान नहीं कर सकता, जो योग का नियमित अभ्यास करके मिल सकता है। योग न केवल किसी की शारीरिक स्थिति में सुधार करता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ देने में सक्षम है।

**दोनों एक्सरसाइज से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स**

आप चाहें अपनी रूटीन में योगाभ्यास शामिल करें या एक्सरसाइज, संतुलित आहार का सेवन करना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। वजन घटाने और शारीरिक शक्ति के लिए 70 प्रतिशत स्वास्थ्यवर्धक आहार और 30 प्रतिशत एक्सरसाइज पर ध्यान देना जरूरी है, जिससे आपके शरीर को अंदर से साफ रखना आसान हो जाता है। अगर आप एक्सरसाइज कर रहे हैं और बहुत अधिक या बहुत कम खा रहे हैं तो आपको अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

## ऐसे लक्षण आयरन की कमी का माने जाते हैं संकेत, आहार में इन तीन चीजों को शामिल करके पा सकते हैं लाभ

क्या हम अपने आहार से शरीर के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्वों की पूर्ति कर पा रहे हैं? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को खुद से यह सवाल जरूर पूछते रहना चाहिए। शरीर को स्वस्थ और कार्यशील रहने के लिए कई प्रकार के विटामिन्स और खनिजों की आवश्यकता होती है। इसमें होने वाली कमी का अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों रूपों में नकारात्मक असर देखा जा सकता है। शरीर के लिए आयरन ऐसा ही एक अति आवश्यक खनिज है जो हीमोग्लोबिन बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं में मौजूद होता है जो शरीर के विभिन्न हिस्सों में ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करता है। ऐसे में शरीर में आयरन की होने वाली कमी का असर कई प्रकार से सेहत को प्रभावित कर सकता है।

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, हम सभी के लिए जरूरी है कि आयरन से भरपूर भोजन का सेवन करें, ताकि शरीर में इस मिनरल की कमी न होने पाए। शरीर में आयरन की कमी से रक्त का स्तर कम हो सकता है जो आगे चलकर कई प्रकार की स्वास्थ्य जटिलताओं को जन्म दे सकता है। भारतीय महिलाओं में यह समस्या काफी सामान्य देखी जाती रही है। आइए जानते हैं कि इस पोषक तत्व की आसानी से आहार के माध्यम से कैसे पूर्ति की जा सकती है?

**आयरन की कमी से होने वाली समस्याएं**

आयरन की कमी से एनीमिया होने का खतरा सबसे अधिक होता है। पर्याप्त आयरन के बिना, आपका शरीर लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन नहीं कर पाता है जो उन्हें ऑक्सीजन (हीमोग्लोबिन) ले जाने में सक्षम बनाती हैं। नतीजतन, आयरन की कमी के कारण आपको थकान और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याओं का खतरा सबसे अधिक होता है। इसके अलावा समय के साथ यह कमी त्वचा में पीलापन, चक्कर आने, पैरों में झुनझुनी, जीभ में सूजन या दर्द और हाथ-पैर के ठंडे होने जैसी समस्याओं का कारण बन सकती है।

**आयरन का स्रोत है पालक**

पालक कई प्रकार से सेहत के लिए लाभकारी हो सकता है। आयरन की पूर्ति के साथ यह कई अन्य पोषक तत्वों की भी शरीर की जरूरतों को आसानी से पूरा कर सकता है। आंकड़ों के मुताबिक 100 ग्राम कच्चे पालक में 2.7 मिलीग्राम आयरन होता है जो आपकी दैनिक आवश्यकताओं की 15 फीसदी तक की पूर्ति कर सकता है। पालक विटामिन सी से भी भरपूर होता है,

## सभी लोगों को जरूर करने चाहिए ये तीन श्वसन अभ्यास, प्रतिरक्षा प्रणाली होगी मजबूत-बीमारियां होंगी दूर

प्राणायाम जिसे मुख्यरूप से श्वसन अभ्यास के तौर पर जाना जाता है, यह शरीर के लिए कई प्रकार से लाभकारी हो सकता है। सांस वाले अभ्यास का न सिर्फ फेफड़े और हृदय की क्षमता को बढ़ाने में लाभ है, साथ ही इसे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। कोरोना महामारी की शुरुआत से ही सभी लोगों को प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने वाले उपाय करते रहने की सलाह दी जाती रही है, प्राणायाम के अभ्यास की आदत इसमें आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकती है।

सांस लेने के यह अभ्यास तनाव को कम करके हमारे समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

योग विशेषज्ञ कहते हैं, प्राणायाम तकनीकों के माध्यम से हम श्वास नियंत्रण पर गहराई से ध्यान केंद्रित करते हैं। साँस लेना, श्वास प्रतिधारण और साँस छोड़ने के पैटर्न के माध्यम से यह जीवन शक्ति का विस्तार करने में भी मदद कर सकता है। प्राणायाम के अभ्यास को अपने दैनिक व्यायाम दिनचर्या के हिस्से के रूप में शामिल करना आपके लिए काफी कारगर हो सकता है। यह शरीर-मन दोनों को स्वस्थ और सेहतमंद बनाए रखने में आपके लिए सहायक है। आइए जानते हैं कि रोजाना किन तीन अभ्यास को करके अधिकतम लाभ प्राप्त किया जा सकता है?



### कपालभाति प्राणायाम

कपालभाति, संपूर्ण श्वसन योगाभ्यासों में सबसे फायदेमंद अभ्यास के तौर पर जाना जाता है। बलपूर्वक सांस छोड़ने का यह अभ्यास विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर करने के साथ शरीर को शुद्ध करने और



आपके ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देने में काफी कारगर हो सकता है। कपालभाति प्राणायाम के दैनिक अभ्यास की आदत मस्तिष्क को स्वस्थ बनाए रखने के साथ कई तरह की बीमारियों के लक्षणों को कम करने में आपके लिए सहायक हो सकता है।

### भस्त्रिका प्राणायाम

भस्त्रिका प्राणायाम को उत्तेजक श्वसन के रूप में भी जाना जाता है। प्राणायाम का यह रूप मन को शांत करने में मदद कर सकता है। यह ब्रेन ऑक्सीजनेशन के लिए अच्छा तरीका माना जाता है। तंत्रिका और मोटर प्रणाली को लाभ पहुंचाने के साथ शरीर और दिमाग को ऊर्जा देने के लिए इसे बहुत लाभकारी माना जाता है। अवसाद और चिंता के शिकार लोगों के लिए इसका नियमित अभ्यास काफी कारगर हो सकता है।

### भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास

भ्रामरी श्वसन का अभ्यास गुनगुनाती मधुमक्खी की तरह ध्वनि वाला होता है। गहरी श्वास लेने वाला यह योगाभ्यास और सांस छोड़ने के दौरान होने वाली गुंजन ध्वनि मन को शांति का अनुभूति कराती है। याददाश्त और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से परेशान लोगों के लिए इसके नियमित अभ्यास की आदत विशेष लाभकारी हो सकती है। ब्लड प्रेशर के रोगियों को भी इस अभ्यास से लाभ मिल सकता है।

## बेहद पतले बाल टूटकर गिर रहे तो इन घरेलू चीजों को लगाएं, हो जाएंगे घने और मजबूत

घने और काले लंबे बाल हर महिला की ख्वाहिश होती है। लेकिन कुछ महिलाओं के बाल इतने पतले होते हैं कि वो जड़ों से कमजोर होने की वजह से टूटकर गिरते हैं। अगर आप भी ऐसी समस्या से दोचार होती है। तो घर में रखी इन चीजों को बालों में लगाकर देखें। कुछ ही दिनों में फर्क दिखना शुरू हो जाएगा। खासतौर पर बाल अगर लंबे हैं तो पतले बाल जरूर झड़ने लगते हैं। लेकिन इन कुछ चीजों को अगर आप अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करेंगी। तो नतीजे अच्छे देखने को मिलेंगे।



**आंवला**

अगर आप बालों की किसी भी समस्या को खत्म करने की सोच रही हैं। तो सबसे पहले आंवले का इस्तेमाल करना शुरू करें। आंवला बालों को घना और मजबूत करने के साथ ही सिल्की और काला भी बनाता है। कम उम्र में बाल सफेद होने लगे हैं तो आंवला जरूर असर दिखाता है। वहीं पतले बालों के झड़ने से परेशान हैं तो आंवले के पाउडर में नींबू का रस मिलाकर लगाएं। करीब आधे घंटे बाद बालों को धो लें। कुछ दिनों में बाल मजबूत और घने दिखने लगेंगे

**अंडा**

अंडा बालों को सॉफ्ट और सिल्की बनाता है। इसके साथ ही ये बालों की जड़ों को मजबूत करने का भी काम करता है। एक अंडे में एक चम्मच जैतून का तेल मिलाकर पेस्ट बनाएं। फिर इसे बालों पर लगाक छोड़ दें। इस हेयर मास्क को करीब आधे घंटे बाद शैंपू से धो लें। फर्क दिखना शुरू हो जाएगा। सप्ताह में एक दिन इस मास्क को आप बालों में जरूर लगाएं।

**एलोवेरा**

स्किन से लेकर बालों की समस्याओं का रामबाण नुस्खा एलोवेरा है। एलोवेरा की ताजी पत्तियों से जेल को निकालकर बालों की ज़ड़ों में लगाएं। फिर पंद्रह से बीस मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। फिर बालो को धो लें।

**प्याज का रस**

अगर बाल ज्यादा झड़ रहे और नए बाल भी कम उग रहे तो बालों में प्याज के रस को लगाएं। ये नए बालों को उगाने में मदद करता है। सबसे पहले प्याज के रस को निकालकर उंगलियों की मदद से बालों की जड़ों में लगाएं। इससे बाल घने होंगे।

CMYK

# ब्रिटेन के पीएम पद की दौड़ में लिज ने ऋषि को पछाड़ा,सर्वेक्षण में ट्रस की संभावना 90.91 फीसदी

**लंदन, 02 अगस्त 2022।** ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस ने देश में अगले प्रधानमंत्री पद के रूप में बोरिस जॉनसन का स्थान पाने की दौड़ में 90 फीसदी आगे हो गई हैं। देश की प्रमुख बेटिंग एक्सचेंज फर्म स्मार्केट्स द्वारा कराए गए ताजा सर्वेक्षण में यह नतीजे सामने आए हैं।

स्मार्केट्स के मुताबिक, जॉनसन के बाद लिज ट्रस के कंजर्वेटिव पार्टी की अगली स्थायी सदस्य बनने की संभावना 90.91 फीसदी है जबकि ऋषि सुनक के पीएम बनने की संभावनाएं 9.09 फीसदी कम हो गई हैं। बता दें कि अंतिम दो दावेदारों को 12 राष्ट्रव्यापी आयोजनों के मुकाबलों से होकर गुजरना पड़ता है और पहला मुकाबला उत्तरी इंग्लैंड के लीड्स में हुआ। इसमें हर सदस्य एक नेता का चयन करते हैं। ट्रस तत्काल कर कटौती का संकल्प लेने के बाद टोरी सदस्यों के सर्वेक्षण में अग्रणी हैं, क्योंकि ब्रिटेन के लोग जीवन स्तर में गिरावट के चलते टैक्स से राहत पाना चाहते हैं। जबकि सुनक ने अपने भाषण में कहा कि चुनौतियों का सामना करने के लिए पहले मुद्रास्फीति और कर्ज लेने की पकड़ को समझना जरूरी है।




**सुनक का दाव:टैक्स में बड़ी राहत देने का वादा**

ताजा सर्वेक्षण के नतीजों से पहले भारतीय मूल के अगले पीएम पद के उम्मीदवार ऋषि सुनक ने ब्रिटेन के लोगों को टैक्स में बड़ी राहत देने का वादा किया है। उन्होंने 2029 तक देश के लोगों को कर की मूल दर को 20 फीसदी तक कम करने का संकल्प लिया। यह कर को लेकर उनकी नीतियों में एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि शुरुआत से ही सुनक इस बात पर जोर देते रहे हैं कि वह लुभाने वाली पॉलिसी से दूर रहेंगे। सुनक ने कहा कि वह मुद्रास्फीति से निपटने पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे, लेकिन एक बार यह हासिल हो जाने के बाद वह 2024 में आयकर से 1 पेंस की छूट लेने के लिए पहले से घोषित योजना का पालन करेंगे, और फिर अगली संसद के अंत तक 3 पेंस की और छूट लेंगे, जो 2029 के आसपास होने की संभावना है।

**वित्तमंत्री नदीम का ट्रस को समर्थन**

ब्रिटेन के वित्तमंत्री नदीम जाहवी ने पीएम पद की उम्मीदवार लिज ट्रस को समर्थन दिया है। उन्होंने द टेलीग्राफ में लिखा है, विदेश मंत्री ट्रस बासी आर्थिक रूढ़िवादिता को उलट देंगी और हमारी अर्थव्यवस्था को सही तरीके से चलाएंगी। इससे पहले, ब्रिटिश रक्षामंत्री बेन वॉलेस ने भी ट्रस को देश का अगला पीएम बनाने का समर्थन किया था। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद अब 5 सितंबर को नए प्रधानमंत्री के नाम की घोषणा होगी।



## न्यूज़ीलैंड की पीएम ने कहा- चीन से गहरे मतभेद, लेकिन उसे दरकिनार नहीं कर सकते

**वेलिंगटन, 02 अगस्त 2022।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने सोमवार को कहा कि यद्यपि चीन को लेकर हमारे गहरे मतभेद हैं और वह अपने हितों को लेकर अधिक मुखर हो जाता है, लेकिन इसके बावजूद दोनों देशों के साझा हित हैं, जिन पर दोनों देशों को सहयोग करना चाहिए। आंशिक रूप से चीन-सोलोमन द्वीप समूह के बीच साल की शुरुआत में एक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर के बाद उपजे तनाव पर न्यूजीलैंड ने सख्त रुख किया है, वहीं उसने माना कि वह व्यापार के लिए चीन पर निर्भर है। जैसिंडा ने कहा, हम उन दृष्टिकोणों व नतीजों की भी वकालत करेंगे जो न्यूजीलैंड के हितों और मूल्यों को दर्शाते हैं। हम उन मुद्दों पर बात करेंगे, जिन पर बात नहीं हो रही है। गहरे मतभेद के बावजूद हम चीन को दरकिनार भी नहीं कर सकते। बता दें, न्यूजीलैंड ने लगातार आर्थिक दबाव, मानवाधिकार हनन और शिनजियांग में उइगरों से दुर्व्यवहार समेत कई मुद्दों पर न्यूजीलैंड चीन के खिलाफ है।

**न्यूजीलैंड से रिश्ते बढ़ाएगा अमेरिका-** प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सेना के कमांडर ने कहा कि अमेरिका न्यूजीलैंड के साथ अपने रिश्तों को बढ़ाना और मजबूत करना चाहता है। अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जॉन एक्विलिनो की वेलिंगटन यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं से चिंतित है। एक्विलिनो ने कहा, हमारी साझेदारी बहुत गहरी है।

## म्यांमार में विरोध मार्च के दौरान जापानी पत्रकार हिरासत में,अब तक 140 पत्रकार गिरफ्तार




**बैंकॉक, 02 अगस्त 2022।** म्यांमार के सबसे बड़े शहर में सैन्य शासन के खिलाफ हुए विरोध-प्रदर्शन को कवर कर रहे जापान के वीडियो पत्रकार तोरू कुबोता को देश के सुरक्षा बलों ने हिरासत में लिया है। लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं ने यह जानकारी देते हुए बताया कि तोरू टोक्यो स्थित एक वृत्तचित्र फिल्म निर्माता हैं।

रैली का आयोजन करने वाले यंगून डेमोक्रेटिक यूथ स्ट्राइक समूह के एक नेता तिप फोने ने बताया, तोरू कुबोता को यंगून में एक प्रदर्शन के बाद सादी वर्दी में मौजूद पुलिसकर्मियों ने गिरफ्तार किया। उन्होंने सैन्य अधिकारियों के खिलाफ सुरक्षा के लिए छद्म नाम का उपयोग किया। म्यांमार की सेना ने पिछले साल फरवरी में आंग सान सूकी की चुनी हुई सरकार को हटाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया था और तब से देश में सैन्य शासन ने असंतोष पर कड़ी कार्रवाई की है। म्यांमार के 'असिस्टेंस एसोसिएशन फॉर पॉलिटिकल प्रिजनर्स' द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम 2,138 आम नागरिक मारे गए हैं और सैन्य कब्जे के बाद से 14,917 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**अब तक 140 पत्रकार गिरफ्तार**

म्यांमार में लगभग सभी स्वतंत्र पत्रकारिता भूमिगत या निर्वासन में रहकर की जाती है। सैन्य सरकार ने लगभग 140 पत्रकारों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से लगभग 55 को आरोपों या मुकदमे की सुनवाई जारी रहने के कारण हिरासत में रखा गया है।

**छह माह और बढ़ाया गया आपातकाल**

म्यांमार की सैन्य सरकार (जुंटा) के नेता ने सोमवार को देश में सेना का शासन छह माह और बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने अब अगले साल चुनाव कराने की बात कही। इससे पहले सैन्य शासन प्रमुख मिन आंग हलिंग से छह माह तक उनका शासन बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। उन्होंने इसकी मंजूरी दे दी है। सेना ने पिछले साल 1 फरवरी को आंग सान सूकी की चुनी हुई सरकार से नवंबर 2020 के आम चुनाव में कथित धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए सत्ता हथिया ली थी। जबकि स्वतंत्र चुनाव पर्यवेक्षकों ने कहा था कि उन्हें अनियमितताओं का कोई सुबूत नहीं मिला है।

## गिलगित-बाल्टिस्तान में दो धार्मिक गुटों में संघर्ष,शिया समुदाय के 2 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद, 02 अगस्त 2022।** गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में इस्लामी माह मोहर्रम की शुरूआत के दौरान दो धार्मिक समूहों के बीच हुए टकराव में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 17 अन्य घायल हो गए। 'डॉन' अखबार के मुताबिक गिलगित उपायुक्त कार्यालय के निकट यादगार चौक पर यह घटना उस समय हुई जब गिलगित बाल्टिस्तान के एक शीर्ष शिया नेता मोहर्रम की शुरूआत के मौके पर खोमार चौक पर हजरत इमाम हुसैन का झंडा फहरा रहे थे।

पुलिस के हवाले से खबर में बताया गया कि मोहर्रम के महीने की शुरूआत में गिलगित बाल्टिस्तान के शीर्ष शिया नेता अगा राहत हुसैन अल हुसैनी खोमार चौक पर हजरत इमाम हुसैन का अलाम (झंडा) लहरा रहे थे तभी दो समूहों के बीच यह झड़प हुई। झड़प में शिया समुदाय के दो लोगों की मौत हो गई। खबर में वहां गोलीबारी का भी जिक्र हुआ है। अन्य 17 घायलों को उपचार के लिए पास के अस्पताल में ले जाया गया है।

**44 संदिग्ध गिरफ्तार**

गृह सचिव इकबाल हुसैन खान ने बताया कि इस घटना में कथित रूप से शामिल 44 संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी की जाएगी।

## पाकिस्तानी सेना का हेलिकॉप्टर बलूचिस्तान में लापता, छह वरिष्ठ सैन्य अधिकारी हैं सवार



**कराची, 02 अगस्त 2022।**

बलूचिस्तान में बाढ़ राहत अभियान में जुटा पाकिस्तान सेना का एक हेलिकॉप्टर लासबेला से लापता हो गया है। पाकिस्तान इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने सोमवार को इस घटना की पुष्टि की है। पाकिस्तान सशस्त्र बल आईएसपीआर के मीडिया विंग ने ट्विटर के माध्यम से जानकारी दी है कि हेलिकॉप्टर में 12वीं कोर के कमांडर जनरल सरफराज अली और अन्य पांच वरिष्ठ सैन्य अधिकारी सवार थे। यह सभी बलूचिस्तान में किए जा रहे बाढ़ राहत कार्यों की निगरानी में जुटे हुए थे।

ट्वीट में कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना का एक हेलिकॉप्टर का एटीसी से संपर्क टूट गया है। यह हेलिकॉप्टर बलूचिस्तान के लासबेला में बाढ़ राहत अभियान पर था। इसमें कमांडर 12 कोर सहित छह लोग सवार थे, जो बलूचिस्तान में बाढ़ राहत कार्यों की निगरानी कर रहे थे। जबकि पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हेलिकॉप्टर का एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से संपर्क टूट गया और पिछले करीब पांच घंटे से लापता है। इस संबंध में और अधिक जानकारी जुटाई जा रही है।

पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में बाढ़ के हालात बने हुए हैं। यहां विशेष रूप से बलूचिस्तान, सिंध, गिलगित-बाल्टिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा के बाढ़ प्रभावित जिलों में बचाव और राहत के प्रयास शुरू किए गए हैं। इन इलाकों में हजारों लोग बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा है कि बलूचिस्तान में 1 जुलाई से 467 प्रतिशत अतिरिक्त बारिश हुई है। बलूचिस्तान में हाल की बारिश से विशेष रूप से लासबेला, केच, क्वेटा, सिब्बी, खुजदार और कोहलू में अचानक आई बाढ़ से उनतीस जिले प्रभावित हुए हैं।

## रूसी हमलों के बाद यूक्रेन से अनाज लेकर पोत रवाना,विश्व को सस्ते अनाज की उम्मीद

**कीव/अंकारा, 02 अगस्त 2022।** यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद पहली बार यूक्रेनी बंदरगाह शहर ओडेसा से अनाज लेकर एक जहाज रवाना हो गया है। इससे उम्मीद जगी है कि आगे भी यह रास्ता दुनिया में अनाज आपूर्ति के लिए खुलेगा जिससे अनाज की बढ़ती कीमतों में राहत मिलेगी। हालांकि रूस-यूक्रेन में भीषण युद्ध जारी है। सेवस्तोपोल से नौसेना मुख्यालय पर हुए ड्रोन धमाके की जिम्मेदारी भी सोमवार तक किसी ने नहीं ली है। संदेह है, यह हमला यूक्रेनी विद्रोहियों ने किया।



क्रीमिया में रूस की सांसद ओलगा कोवितिदी ने बताया कि ड्रोन सेवस्तोपोल से ही दागा गया था। उन्होंने कहा, घटना को आतंकी कृत्य मानकर जांच जारी है। इसे देखते हुए क्रीमिया प्रशासन ने क्षेत्र में आतंक संबंधी खतरे का स्तर बढ़ाकर 'येलो' कर दिया है। इस बीच, राहत की खबर तुर्की के रक्षा मंत्रालय से आई है। उसने बताया कि मालवाहक 'रजोनी' पर सिएरा लियोन (पश्चिमी अफ्रीकी देश) का झंडा लगा जहाज ओडेसा बंदरगाह से लेबनान के लिए रवाना हो गया है और मंगलवार को इस्तांबुल पहुंचेगा।

यहां जांच के बाद उसे आगे रवाना किया जाएगा। जहाज 26,000 टन से अधिक मक्का ले जा रहा है। यूक्रेन के मंत्री ओलेक्सांद्र कुब्राकोव ने कहा, आज हम अपने साझेदारों के साथ दुनिया को भुखमरी से बचाने के लिए एक और कदम उठा रहे हैं।

**अमेरिका देगा सुरक्षा सहायता पैकेज**

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वयक जॉन किर्बी ने सोमवार को कहा कि बाइडन प्रशासन यूक्रेन के लिए अतिरिक्त 55 करोड़ डॉलर (550 मिलियन डॉलर) के सुरक्षा सहायता पैकेज पर काम कर रहा है। इस संबंध में आज ही निर्णय ले लिया जाएगा।

**बढ़ती महंगाई में राहत की उम्मीद**

तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 22 जुलाई को इस्तांबुल में किए गए सौदों के अनुरूप अन्य जहाज भी सुरक्षित गलियारों के माध्यम से यूक्रेनी बंदरगाहों से रवाना होंगे। हालांकि, उन्होंने इस संबंध में अधिक जानकारी नहीं दी, लेकिन माना जा रहा है कि यदि सुरक्षित गलियारों से अनाज की खेप रवाना होने लगी तो दुनिया में अनाज की कमी से आ रही महंगाई में काफी कमी आएगी। संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में रूस, यूक्रेन व तुर्की के बीच हुआ यह समझौता यूक्रेन को 2.2 करोड़ टन अनाज और अन्य कृषि उत्पादों का निर्यात करने की अनुमति देता है। यह अनाज युद्ध के चलते काला सागर के बंदरगाहों पर फंसा है।

**यूक्रेन के उत्तर में भीषण बमबारी**

यूक्रेन के उत्तर में रूसी सीमा के पास सूमी क्षेत्र में सोमवार को भीषण बमबारी जारी रही। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे पहले, दोनेसक के गवर्नर पावलो किलिलेंको ने कहा कि क्षेत्र में हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई। इस क्षेत्र में आंशिक रूप से रूसी अलगाववादियों का नियंत्रण है। बताया गया कि माइकोलीव, सूमी और दोनेस्क क्षेत्र में हालात काफी बिगड़ चुके हैं और लोग बंकरों में छुपे हैं।



## अफगानिस्तान सीमा पर ईरानी सैनिकों की तालिबान से झड़प, एक सैनिक की मौत,एक घायल

**तेहरान, 02 अगस्त 2022।**

अफगानिस्तान से लगती ईरान की सीमा पर दोनों देशों के सैनिकों में भीषण गोलाबारी हुई है। अफगानिस्तान की तरफ से तालिबान के हुई झड़प में ईरानी सेना ने तोपों का इस्तेमाल भी किया। इस हमले में तालिबान का एक सैनिक मारा गया जबकि एक अन्य घायल हो गया है। इसके बाद यहां तनाव है।

तालिबान ने दावा किया, ईरान की सेना ने संघर्ष को पहले शुरू करते हुए अफगानिस्तान के निमरोज प्रांत के कोंग जिले में गोलाबारी की। प्रांतीय तालिबान कमांडर मावलावी मोहम्मद इब्राहिम हेवाद ने एक तालिबानी सैनिक के मरने व एक के घायल होने की पुष्टि की है।

उधर, ईरानी न्यूज एजेंसी इरना ने किसी भी ईरानी सैनिक के मारे जाने की पुष्टि नहीं की है। इरना और ईरान की अर्ध सरकारी न्यूज एजेंसी तासनिम ने कहा कि यह जंग तब शुरू हुई जब तालिबानी सैनिक ईरान के हिरमंड इलाके में घुस आए जो सिस्तान और बलोचिस्तान प्रांत के अंदर है।


**तालिबान ने की झंडा लगाने की कोशिश**

ईरान ने दावा किया कि तालिबान सैनिकों ने हिरमंड इलाके में अपना झंडा फहराने की कोशिश की। उसने कहा, हम तस्करों को घुसने से रोकने के लिए एक दीवार बना रहे थे लेकिन तालिबान ने गलती से इसे सीमा रेखा बनाने की दीवार समझ लिया जबकि ऐसा था नहीं।

## साथी तारों को निगल रहा सबसे बड़ा न्यूट्रॉन,पहली बार खोजा गया यह तारा सूर्य से भी 2.34 गुना भारी

**वाशिंगटन, 02 अगस्त 2022।**

अंतरिक्ष में अब तक का सबसे बड़ा न्यूट्रॉन तारा मिला है। यह साथी तारों को निगल रहा है। सूर्य से 2.34 गुना वजनी यह तारा बहुत तेजी से घूम रहा है। घूमते वक्त इसकी छवि कंपन जैसी दिखती है। साथी तारों को निगलने के कारण वैज्ञानिकों ने इसे 'ब्लैक विडो' का भी नाम दिया है। साथी तारों को निगलने के चलते यह अब तक का सबसे भारी न्यूट्रॉन तारा बन गया है। इसके और अधिक बढ़ने की संभावना है।



ऐसे में वैज्ञानिक मानते हैं कि यह बहुत ज्यादा भारी होकर अपने ही भार से नष्ट होकर एक ब्लैक होल बन सकता है। न्यूट्रॉन तारों का आकार करीब 20 किलोमीटर तक फैला होता है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में शोधकर्ता रोजर रोमानी ने पीएसआर जे0952-0607 नामक न्यूट्रॉन तारे की खोज को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

**पल्सर श्रेणी का तारा**

पल्सर अंतरिक्ष में बहुत तेज गति से चलने वाले उन न्यूट्रॉन तारों को कहा जाता है, जो किसी विशाल तारे में हुए विस्फोट के बाद बनते हैं। किसी तारे से पल्सर बनने के लिए उस तारे को हमारे सूर्य से 10 से 20 गुना तक बड़ा होना जरूरी है।

**धरती से 20 हजार प्रकाश वर्ष दूर**


यह धरती से 20 हजार प्रकाश वर्ष दूर स्थित है और 1.41 मिली सेकेंड की रफ्तार से घूमता है। यह अब तक के अन्य न्यूट्रॉन तारों से अड्डधिक रफ्तार है। 'पीएसआर जे0952-0607' दक्षिण में सेक्सटन तारामंडल में मौजूद है। 2016 में जब इसका पता लगा था, तब यह पृथ्वी से 3,200-5,700 प्रकाश वर्ष दूर सेक्सटंस नक्षत्र में स्थित था।

**रफ्तार से तेज घूम रही पृथ्वी खतरे की घंटी**

पृथ्वी सामान्य गति से ज्यादा तेजी से घूम रही है। वैज्ञानिकों ने बताया कि धरती 24 घंटे से 1.50 मिली सेकेंड कम में अपना चक्कर पूरा कर रही है। यह बदलाव कोर की आंतरिक व बाह्य परतों या लगातार जलवायु परिवर्तन के चलते हो रहे हैं। ऐसा जारी रहा तो एक नए नेगेटिव लीप सेकंड की जरूरत पड़ सकती है, ताकि घड़ियों की गति सूर्य के हिसाब से चलती रहे। आशंका है कि इससे स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य संचार प्रणाली में गड़बड़ी पैदा हो सकती है।

## पाकिस्तान के वित्तमंत्री का फैसला- 30 अरब का अतिरिक्त कर लगेगा, तेल-गैस के भुगतान में चूक से बचाएगा

**इस्लामाबाद, 02 अगस्त 2022।** नकदी की कमी से जूझ रही पाकिस्तान सरकार ने 30 अरब पाकिस्तानी रुपये के अतिरिक्त कर लगाने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को बताया गया कि वित्तमंत्री मिफ्ताह इस्माइल की अध्यक्षता में रविवार देर शाम हुई बैठक में यह फैसला लिया गया है। वित्तमंत्री ने मंत्रिमंडल की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) की विशेष बैठक में 30 अरब रुपये का अतिरिक्त कर लगाने का फैसला लिया।




बता दें, पाकिस्तान तेल-गैस भुगतान में चूक से बचने के लिए 100 अरब रुपये जुटाने की कोशिश कर रहा है और इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ उसने कर्मचारी स्तर का एक समझौता भी किया है। डॉन अखबार के मुताबिक, 153 अरब रुपये के प्राथमिक बजट अधिशेष के लिए आईएमएफ के साथ बजटीय प्रतिबद्धता जताई गई है और अतिरिक्त कराधान के बिना इस लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सकता।

**बिजली बिलों पर कर वापस लेगी सरकार : वित्तमंत्री**

बिजली बिलों के माध्यम से करों के संग्रह पर छोटे खुदरा विक्रेताओं के कड़े विरोध के बीच पाकिस्तान के वित्तमंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने 150 यूनिट से कम के बिल वाले छोटे व्यापारियों को कर से छूट देने का फैसला किया है। इससे पहले, छोटे व्यापारियों ने बिजली बिलों पर कर भुगतान से इनकार कर दिया था। दरअसल, छोटे खुदरा विक्रेताओं को कर के दायरे में लाने के लिए 3,000 रु. से 10,000 रु. की निश्चित आय व बिक्री कर व्यवस्था लागू की गई है।

# उज्जवल भारत,उज्जवल भविष्य,पावर-2047 थीम पर कार्यक्रम का आयोजन

## बिजली के महत्व एवं उपयोगिता,संरक्षण विषय पर दी गयी जानकारी

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 02 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत उज्ज्वल भारत-उज्ज्वल भविष्य, पावर 2047 बिजली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री वेदान्ती तिवारी, कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा तथा जिला पंचायत सीईओ श्री कुणाल दुदावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यापर्ण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका सिंह ने अपने उद्बोधन में बिजली के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि बिजली के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि बिजली संरक्षण करें और इसके दुरुपयोग से बचें। कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने भी लोगों से बिजली संरक्षण की अपील की।
इस दौरान चलचित्र के माध्यम से आजादी के बाद से अब तक बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण, परिवर्तन और नवीनीकरण का प्रदर्शन किया गया।




बिजली के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी के साथ विद्युत क्षेत्र के उपलब्धियों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बिजली उपयोगिता एवं संरक्षण विषय पर प्रस्तुति दी गई।

### विभिन्न योजनाओं के सम्बंध में दी गई जानकारी

कार्यक्रम में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सहज हर घर बिजली योजना, सौभाग्य योजना, डीडीयूजीजेवाई योजना के सम्बंध में जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ शासन की मोर बिजली एप, बिजली बिल हाफ योजना के साथ ही क्रेडा विभाग द्वारा जिले में स्थापित सौर संयंत्रों की परियोजनावार जानकारी सहित अन्य योजनाओं से भी लोगों को अवगत कराया गया।

### उपभोक्ताओं ने साझा किए अपने अनुभव

कार्यक्रम में जिले में विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित उपभोक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। ग्राम मण्डलपारा के विनोद ने कृषि पम्पों से सिंचाई सुविधाओं, ग्राम कैलाशपुर के श्याम लाल राजवाड़े ने क्रेडा की ओर से प्राप्त 3 एचपी के पम्प द्वारा सिंचाई सुविधाओं के विषय में तथा अन्य उपभोक्ताओं ने भी विभिन्न योजनाओं के द्वारा प्राप्त लाभ पर अपने अनुभव साझा किए।

# पुलिस महानिरीक्षक ने निजात अभियान एवं स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ




-नगर संवाददाता-
**कोरबा, 02 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम पर बिलासपुर महानिरीक्षक.रतन लाल डांगी ने लगाई मुहर । आईजी ने खुद निजात अभियान के वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना । उन्होंने पुलिस परिवार के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी शुरुआत की । बता दें कि बिलासपुर आईजी रतनलाल डांगी अपने फेसबुक वॉल से युवाओं को मोटिवेट करते रहते है और योग के माध्यम से रोग भगाने की कला भी लोगों को समझद्वते रहते है। उनके कार्यों से प्रभावित होकर कई अधिकारी समाज को नई राह दिखाने का भी काम कर रहे है। इसी कड़ी में सामाजिक बदलाव की सोच रखने वाले पुलिस कप्तान संतोष सिंह के नशा मुक्ति अभियान में पुलिस महानिरीक्षक .ने शामिल होकर पुलिस अधीक्षक के नेक प्रयास की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी । उन्होंने पुलिस लाइन में आयोजित स्वास्थ्य चेकअप और प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर पुलिस के कार्यो पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि हर इंसान में कुछ न कुछ अच्छाइयां रहता है .बस जरूरत है उसे निखारने की। उन्होंने कहा कि पुलिस परिवार के बच्चों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम तारीफे काबिल है। उन्होंने कप्तान के नशा मुक्ति अभियान की भी सराहना करते हुए कहा कि, युवा नशा की गिरफ्त में आकर अपने परिवार और समाज का विनाश कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने युवाओं के परिवार का दर्द समझा और समाज को नई दिशा देने का काम किया है। उन्होंने इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने की बात कही ।कार्यक्रम में जिले के सभी पुलिस अधिकारी,डॉक्टर मौजूद थे।

# शिवकुमार खुंटे रेवटी चौकी के नए चौकी प्रभारी होंगे



-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर , 02 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** रेवटी चौकी के नए चौकी प्रभारी शिवकुमार खुंटे होंगे।श्री खुंटे मंगलवार को चौकी पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने चर्चा के दौरान कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता होगी कि बेहतर पुलिसिंग के साथ चौकी क्षेत्र के अवैध कारोबार पर रोक लगाएंगे ।उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत पर अवैध कारोबारी नहीं बख्शे जाएंगे ।आम जनों से पुलिस को मित्रवत व्यवहार बनाए रखेएगी।श्री खुंटे ने कहा कि पुलिस सभी से सामान्य व्यवहार रखते हुये चौकी में फरियाद लेकर पहुंचने वाले लोगों की तत्काल फरियाद सुनी जाएगी।श्री खुंटे इससे पूर्व बिहारपुर चांदनी थाना , बिश्रामपुर थाना , लटोरी चौकी प्रभारी रह चुके हैं। और अब रेवटी चौकी का पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस स्टाफ ने बधाई दिया है।

# विद्युत विभाग के अनियमितता को लेकर विद्युत कार्यालय लटोरी का घेराव

-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर , 02 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती व मंडल अध्यक्ष सुरेश सोनी के नेतृत्व में विद्युत विभाग के अनियमितता को लेकर विद्युत कार्यालय लटोरी का घेराव कार्यक्रम किया गया। जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता लटोरी प्रतीक्षालय के समीप एकत्र होकर के बिजली विभाग के खिलाफ और कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया इस कार्यक्रम में भाजयुमो जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती ने बिजली विभाग पर व्यंग कसते हुए कहा कि प्रशासन और शासन की तालमेल से जनता ठगी जा रही है आए दिन हितग्राहियों का बिजली बिल उपयोग से ज्यादा बढ़ करके आता है साथ ही लो- वोल्टेज की समस्या के कारण क्षेत्र वासी पानी के लिए लालायित हुए पड़े हैं घोषणा में बिजली बिल हाफ करने वाली भूपेश सरकार जनता को ठगने का काम कर अपनी जेब भरने का काम कर रही है भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुप सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा के नेतृत्व में जनता हित के लिए बिजली विभाग के घेराव का कार्यक्रम किया जा रहा है आए दिन युवा मोर्चा के कार्यकर्ता क्षेत्र की समस्याओं के लिए सड़क की लड़ाई लड़ते रहते हैं जिसमें बिजली बिल का बढ़ करके आना अवैध बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर विभाग और प्रदेश सरकार जनता तो ठग कर अवैध वसूली को बढ़ावा दे रहा है भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश्वर पैकरा ने भी युवा मोर्चा के नेतृत्व को सराहा है और बिजली विभाग पर व्यंग कसते हुए कहा कि आने वाले समय में चक्का जाम के लिए हम तैयार रहेंगे यदि स्थिति नहीं सुधरती है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन शर्मा ने कहा कि आए दिन युवा मोर्चा हर समस्या के लिए निदान हेतु आंदोलन करते रहता है बिजली विभाग की समस्या तो हमेशा जनता को परेशान करती रहती है हमारे किसान इतना परेशान है खेती तो दूर पानी पीने को तरस रहे है भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सुरेश सोनी ने करारा व्यंग कसते हुए कहा कि प्रदेश की निकम्मी सरकार के सांठगांठ के साथ ही पूरे विभाग पैसा वसूल करके भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं यदि बिजली विभाग की स्थिति नहीं सुधरती है तो हम किसानों के साथ जनता के साथ पर चक्का जाम करने के लिए बाध्य रहेंगे घेराव कार्यक्रम को को शिव राजवाड़े दीपेंद्र दुबे ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात भाजयुमो कार्यकर्ता लटोरी प्रतिक्षालय से नारेबाजी के साथ विद्युत विभाग तक जाकर के सड़क पर खड़े होकर विभाग और शासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किए और महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा जिसमें बिना कनेक्शन के बिजली बिल माफ किया जाए लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाया जाए उपयोग से ज्यादा बिजली बिल आने पर भी खुद की स्थिति निर्मित हो अधिकारी कर्मचारी हितग्राहियों के समस्या का निदान करने का सफल प्रयास करें कल्याणपुर क्षेत्र विद्युत विद्युत की समस्या से जूझ रहा है पूर्व में कनेक्शन अंबिकापुर से किया गया था और वर्तमान में प्रतापपुर की स्थिति है ज्ञापन में भी बात रखी गई कि उन्हें अंबिकापुर से कनेक्शन दिया जाए ताकि क्षेत्रवासी विद्युत की समस्या से निजात पा सकें आश्वासन में ही अनुरंजन कुजूर द्वारा कहा गया कि लो वोल्टेज की समस्या एक सप्ताह में दूर कर दी जाएगी साथ ही पावर हाउस के लिए जमीन का सीमांकन भी दो दिन के अंदर किया जाना है दिवाली तक क्षेत्र वासियों को नया पावर हाउस का सौगात भी दे दिया जाएगा और रही बात बिजली बिल संबंधी समस्या को हितग्राहियों के आने पर समाधान बनाने का सफल रूप से प्रयास किया जाएगा आश्वासन उपरांत युवा मोर्चा द्वारा प्रदर्शन को स्थगित किया गया और निर्धारित तिथि पर समाधान ना होने पर पुनः युवा मोर्चा ने चेतावनी दिया कि जनता हित के लिए पुनः हम आगे हैं और मांगों को पूरा न करने पर और स्थिति ना सुधरने पर हम पुनः स्थापित आंदोलन के लिए तैयार रहेंगे।।



कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनूप सिन्हा, महेश्वर पैकरा भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविन्द्र भारती भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष सुरेश सोनी भाजपा वरिष्ठ नेता कमलेश सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन शर्मा कोषाध्यक्ष बाबूलाल शाह मण्डल मंत्री ठाकुर पैकरा हीराधन दिलेश्वर सरण पैकरा शिव राजवाड़े विनोद जायसवाल भाजयुमो जिला पदाधिकारी सूरज शेट्टी संजय राजवाड़े धन कुमार पैकरा दीपेंद्र दुबे समीर श्रीवास्तव राजू यादव सोशल मीडिया जिलासंयोजक दुष्यंत तिवारी युवा मोर्चा मंडल पदाधिकारी सुरजीत कुमार हरिनंदन उमाशंकर उपेंद्र सिंह जीतू मानिकपुरी सुरजन यादव सूरज बलवंत मनीष यादव अकाश मानिकपुरी अभय जायसवाल हेमंत वैष्णव संजय सोनपाकर किशोरी मण्डल देवराज कुशवाहा डेविड यादव सुखदेव यादव पीतांबर सिंह कौशल राजवाड़े सूर्यनारायण पैकरा दशरथ सिंह शिवकुमार कृष्णा कुमार शिवम गुप्ता प्रदीप कुमार जय रवि शेखर दुबे अजीत सोनी भोले पैकरा बृज पैकरा टोप लाल महेंद्र दास रंजीत कुमार अरविंद प्रेम कुमार पप्पू मानिकपुरी दिलभरण अभिषेक यादव लखेश्वर वैष्णव कौशल राजवाड़े महिला मोर्चा मंडल महामंत्री रीना दास संतरा राजवाड़े राजकुमारी बिंद प्रभा सिंह दीपाली दास शिव शरण सिंह विजेंद्र नील कुमार मनोज संतोष सिंह अमित मानिकपुरी राहुल दुबे रोशन ठाकुर मुन्ना ठाकुर नरेश कुमार सोनू यादव सूरज राजपूत ओपी सिंह गीता प्रसाद राजेंद्र जायसवाल आपदा प्रकोष्ठ के सहसयोजक पप्पू साहू और भारतीय जनता युवा मोर्चा के सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा नेता ने वन कर्मियों के साथ की मारपीट,किया गाली-गलौज



-नगर संवाददाता-
**कोरबा, 02 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
नेशनल हाईवे के लिए काटे गए वृक्षों की लकड़ियों को चोरी कर ले जाने के दौरान पकड़े जाने पर वन कर्मियों के साथ भाजपा नेता ने मारपीट कर गाली-गलौज किया। बीएफओ को काटकर फेंक देने की भी धमकी दी गई। यह भी कहा कि तू जानता नहीं मैं यहां का अध्यक्ष हूं। मामला उरगा थाना अंतर्गत व कोरबा वन मंडल क्षेत्र के ग्राम जमनीपाली का है। ग्राम बरपाली निवासी हरिनारायण बंजारे पिता स्व. कलीराम 31 वर्ष बरपाली निस्तार डिपो में बीएफओ के पद पर पदस्थ हैं। हड़ताल अवधि में इन्हें ज्ञात हुआ था कि बीट अंतर्गत काटे गए पेड़ों की लकड़ियों को चोरी किया जा रहा है। इस जानकारी पर हड़ताल के दौरान ही 28 जुलाई को शाम 5 बजे नेशनल हाईवे 149 बी में लकड़ी कटाई का काम देखने के लिए हरिनारायण अपने साथी बिजेन्द्र कुमार नेटी के साथ जमनीपाली के पास गया था। यहां दो व्यक्ति पिकअप क्र. सीजी-12 एक्यू-0570 में आधा पिकअप लकड़ी भरे हुए थे। सवाल करने पर दोनों व्यक्ति भागने लगे जिन्हें सामने आकर पिकअप को रोकवाया और लकड़ी भरने संबंधी सूचना अधिकारियों को दी गई। इधर दोनों व्यक्तियों ने अपने साथियों को फोन करके जमनीपाली गौठान के पास बुलाया जहां एक कार में कुछ लोग पहुंचे। इनमें से एक झामलाल साहू जो कि भाजपा नेता है और पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष बताया जाता है, को हरिनारायण ने पहचान लिया। झामलाल ने आते ही अपने साथियों के साथ मिलकर वन कर्मी बिजेन्द्र नेटी को झापड़ मारा। इन लोगों ने बीएफओ हरिनारायण के साथ गाली-गलौज कर गला को पकड़कर लात-घूंसे व मुक्के से मारपीट कर धमकी दिया कि बरपाली में रहता है, काटकर फेंक दूंगा। इसके बाद झामलाल साहू और उसके साथी वहां से भाग निकले। 28 जुलाई की घटना की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही नहीं की। इससे नाराज वन कर्मियों ने उरगा थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। मामले में पुलिस ने हरिनारायण की रिपोर्ट पर झामलाल साहू व साथियों के विरुद्ध धारा 294, 323, 34, 506 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# बच्चों द्वारा भिक्षाटन रोकने टीम ने किया निरीक्षण

-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर , 02 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
जिला मुख्यालय एवं आस-पास के इलाकों में बच्चों द्वारा भिक्षाटन किए जाने के मामले को लेकर घटती घटना ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया है। कलेक्टर इफ्फत आरा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में बाल भिक्षाटन रोकने हेतु निरीक्षण कार्य किया जा रहा है। सोमवार को टीम द्वारा सूरजपुर शहरी क्षेत्र के पुराने बस स्टैण्ड से चन्द्ररपुर, भैयाथान रोड, केतका रोड, पुराने बस स्टैण्ड से नया बस स्टैण्ड तक निरीक्षण कार्य किया गया। शहर के पुराने बस स्टैण्ड, नए बस स्टैण्ड, होटलों तथा ठेले वाले को समझाइश देते हुए अवगत कराया गया कि कोई भी बच्चा अकेले या अपने परिजनों के साथ भी भीख मांगते हुए दिखाई देता है तो आप चाइल्ड लाइन को टोल फ्री नंबर 1098 पर


न स्कूल,न घर,न ठिकाना,सड़कों पर भीख मांगकर बर्वाद होता 'बचपन'

संपर्क कर सूचना प्रदान कर सकते है। ग्राम पचिरा में हरिद्वार से आए हुए दवा बेचने वाले परिवारों को भी बच्चों से भीख ना मांगवाने हेतु समझाइश दी गई। किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम 2015 की धारा 76 के तहत यदि कोई व्यक्ति भीख मांगने के लिए बालक का नियोजन, प्रयोग करता है अथवा किसी बालक से भीख मंगवाता है, ऐसे में उसे पांच वर्ष तक का कारावास और साथ में एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डनीय अपराध की श्रेणी में रखा गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेस सिंह सिसोदिया द्वारा जन समुदाय से अपील की गई है कि वह बच्चों को सुरक्षित करने हेतु आगे आएं। बच्चों को भीख देकर उन्हें भीख मांगने हेतु प्रोत्साहित न करते हुए 1098 में सूचना दें ताकि उनके भविष्य को सवांरा जा सके एवं उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा सके।

# थाना भटगांव पुलिस ने 3 क्विंटल चोरी का कबाड़ सहित 4 लोगों को किया गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-
**सूरजपुर , 02 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे जिसके बाद से ही थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा अवैध धंधे पर लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में दिनांक 02.08.2022 को थाना भटगांव पुलिस को सूचना मिला कि पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 6063 एवं 2 पेंथर मोटर सायकल में सीएचपी खदान भटगांव से लोहे का कबाड़ चोरी कर अम्बिकापुर ले जा रहे है। एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर पिकअप एवं 2 पेंथर मोटर सायकल को रोककर पूछताछ किया गया। पिकअप वाहन के पप्पू निशाद पिता श्याम सुन्दर उम्र 35 वर्ष, रवि राजवाड़े पिता बेचूराम उम्र 24 वर्ष निवासी बाजारपारा भटगांव व पेंथर मोटर सायकल चालक मुनचुन उर्फ मुन्ना पिता श्याम सुन्दर निशांत उम्र 22 वर्ष व बिना नंबर पेंथर चालक सागर विश्वकर्मा पिता जगरनाथ उम्र 19 वर्ष निवासी बाजारपारा भटगांव ने बताया कि सीएचपी खदान भटगांव से लोहे का कबाड़ चोरी कर बिक्री करने ले जा रहे थे जो चोरी का होने के पूर्ण संभावना पर धारा 41(1-4)/379 भादसं के तहत कार्यवाही कर पिकअप वाहन व पेंथर मोटर सायकलों से कुल 3 क्विंटल लोहे का कबाड़ कीमत 30 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त तीनों वाहनों को जप्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा, एसआई बृजमोहन गुप्ता, एएसआई गुरू प्रसाद यादव, आरक्षक मनोज जायसवाल, रजनीश पटेल, भोला राजवाड़े, जगत पैंकरा, ताराचंद यादव, हेमन्त सिंह व कैलाश यादव सक्रिय रहे।

# रात्रि कालीन गश्त के दौरान पुलिस ने पकड़ा सीमेंट से भरा ट्रक

-नगर संवाददाता-
**कोरबा, 02 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थाना- चौंकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया है की, किसी भी अवैधानिक कार्यो को तुरंत संज्ञान में लेकर उसपर कार्यवाही किया जाये द्ध इसी तारतम्य में, बीती रात बालको छेत्र में पुलिस द्वारा कार्यवाही की गयी। बीती रात पुलिस द्वारा गश्त के दौरान एक ट्रक को पकड़ा गया। बताया जा रहा है की, यह ट्रक कोरबा के किसी बड़े ट्रांसपोर्टर की है ,जिसमे सीमेंट भरा हुआ है द्ध अब प्रश्न है के यह सीमेंट से भरा ट्रक कहाँ से अद्ध रही थी एवं इसे बालको में कहाँ ले जाया जा रहा था, इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है, जिसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जाने की बात कही गयी है








**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर**
**जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

**रा0प्र0क्रं0 अ-6/2021-22**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्रीमती अनिमा शुक्ला पत्नी डॉ0 पंकज शुक्ला आ0 अमरेश्वर दुबे, उम्र-42 वर्ष,निवासी-सदर थाना रोड,मायापुर, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/ दानकर्ता-अमरेश्वर दुबे आ0 स्व0 विश्वनाथ दुबे,उम्र-73 वर्ष निवासी-गुरूद्वारा वार्ड नम्बर 36, मायापुर नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के स्वामित्व व हक की मोहल्ला-मायापुर, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 1701/1 रकबा 0.10 एकड़ भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 1701/1 रकबा 0.10 एकड़ में से रकबा 0.05 एकड़ भूमि को पंजीबद्ध दान पत्र पंजीयन दिनांक 11.07.2022 के द्वारा अनावेदक/दानकर्ता-अमरेश्वर दुबे,आ0 स्व0 विश्वनाथ दुबे,उम्र-73 वर्ष निवासी गुरूद्वारा वार्ड नम्बर36, मायापुर नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा दान में प्राप्त किया गया है। अतः पंजीबद्ध दान पत्र पंजीयन दिनांक 11.07.2022 के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-22/08/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकतें हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 02-08-2022 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर**
**जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**रा0प्र0क्रं0 अ-20(3)/2021-22**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण नीरज नामदेव आ0 अम्बिका नामदेव एवं अन्य-03 सभी की जाति नामदेव निवासी मोहल्ला-सतीपारा नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व और अधिपत्य की स्थित नजूल भूमि मोहल्ला-ब्रम्हपारा, नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक-3224/1 रकबा $0.03^{1/4}$ एकड़ भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में भू-धारक शत्रुधन आ0 केदारसाय, सुलोचना आ0 अवध,नीरज, सूरज, अमित, नीलकमल,उर्फ रानी आ0 अम्बिका,राकेश रजत, खुश्बू,सत्या आ0 कृष्णा के नाम पर संयुक्त रूप से अंकित है। आवेदक उपरोक्त वादभूमि में से अपने हिस्से की भूमि रकबा-353.93 वर्गफीट भूमि को अनावेदक उमेश अग्रवाल आ0 हनुमान प्रसाद,जाति-अग्रवाल, निवासी मोहल्ला-ब्रम्हरोड नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 को सदादिन के लिए विक्रय करना चाहती है के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु मेन्टेनेन्स खसरा,शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-17/08/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकतें हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 02-08-2022 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर**
**जिला सरगुजा (छ0ग0)**

**रा0प्र0क्रं0 अ-6/2021-22**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिप्रसाद अग्रवाल आ0 सत्य नारायण अग्रवाल एवं श्रीमती रश्मि देवी पत्नी श्री हरिप्रसाद अग्रवाल, दोनों की जाति-अग्रवाल,निवासी मोहल्ला-जय स्तम्भ चौक,नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा अपने स्वामित्व और अधिपत्य की स्थित नजूल भूमि मोहल्ला-अस्पताल रोड,नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक-2818/7 रकबा $0.00^{1/2}$ एकड़ भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख में आवेदकगण के नाम पर अंकित है, को अपने निजी कार्यों से रूपयों की आवश्यकता होने के कारण बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहता है। आवेदकगण उपरोक्त नजूल भू-खण्ड को बंधक रखने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु मेन्टेनेन्स खसरा एवं शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-17/08/2022 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकतें हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 02-08-2022 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# हरजिंदर कौर को कांस्य पदक जीतने पर 40 लाख रुपये देगी पंजाब सरकार



**चंडीगढ़, 02 अगस्त 2022।** बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारोत्तोलक हरजिंदर कौर को पंजाब सरकार 40 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देगी। हरजिंदर ने महिलाओं के 71 किग्रा भार वर्ग में नाटकीय अंदाज में कांस्य पदक हासिल किया। नाइजीरिया की स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार जॉय इजे क्लीन एवं जर्क के तीनों प्रयासों में नाकाम रही जिससे हरजिंदर का कांस्य पदक पक्का हो गया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत ने हरजिंदर को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। पंजाब सरकार ने उनके लिए 40 लाख रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा भी की।

भगवंत मान ने ट्वीट किया, ''नाभा के निकट मेहस गांव की रहने वाली हरजिंदर कौर को राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने पर बधाई। हरजिंदर आप पंजाब की लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत हो। आपके माता-पिता और प्रशिक्षकों को भी बधाई।'' उन्होंने कहा, ''पंजाब सरकार की खेल नीति के तहत उन्हें इस उपलब्धि के लिए 40 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।'' इस बीच हरजिंदर के कांस्य पदक जीतने के बाद उनके पैतृक निवास पर जमकर जश्न मनाया गया।

हरजिंदर के भाई प्रीतपाल सिंह ने कहा, '' यह हमारे लिए गौरवशाली क्षण है क्योंकि उसने कड़ी मेहनत के बाद कांस्य पदक जीता है। हमें पूरा विश्वास था कि वह पदक जीतेगी। उसे इस क्षेत्र में आगे बढ़ने में परिवार के प्रत्येक सदस्य का समर्थन हासिल था।



## एशिया कप की तारीखों का ऐलान, इस दिन होगा भारत-पाकिस्तान का मुकाबला

**नई दिल्ली, 02 अगस्त 2022।** 27 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप का शेड्यूल जारी हो गया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने आज ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी। 27 अगस्त से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच 28 अगस्त को भिड़ंत होगी। इस बार एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के पहला मैच दुबई में श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच होगा। वहीं टूर्नामेंट के दूसरे दिन दुबई में भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगी।

## पूर्व भारतीय स्पिनर ने बताया 2011 विश्वकप जीत का कारण,बोले-एमएस धोनी ने ऐसा किया कि...

**नई दिल्ली, 02 अगस्त 2022।** पूर्व भारतीय लेफ्ट आर्म स्पिनर प्रज्ञान ओझा ने कहा कि 2011 वनडे विश्वकप में भारत के खिताब जीतने के पीछे एक कारण कप्तान एमएस धोनी का 25-30 खिलाड़ियों का एक समूह बनाने का विश्वास था जो किसी भी समय बड़े अवसरों के लिए तैयार होंगे। धोनी की कप्तानी में भारत ने 28 साल बाद वनडे विश्वकप जीता था। भारत ने मुंबई के खचाखच भरे वानखेड़े स्टेडियम में फाइनल में श्रीलंका को मात दी थी। फाइनल में धोनी ने नाबाद 91 रनों की पारी खेली थी।



आपका अनुभव काम आता फैनकोड पर प्रज्ञान ओझा ने कहा, ÷मुझे दृढ़ता से लगता है कि 2011 विश्वकप हमारे लिए सफल होने का कारण यह था कि एमएस धोनी उन सभी लोगों के बारे में बहुत गंभीर थे जो मिश्रण में शामिल होने जा रहे थे। 25 या 30 खिलाड़ियों को पहले कम से कम 40 गेम खेलने की जरूरत थी। विश्वकप शुरू हुआ। आपने बहुत रन बनाए होंगे, लेकिन यदि आपके पास विभिन्न परिस्थितियों से निपटने का अनुभव नहीं है, तो आप इसे लीग मैचों के दौरान महसूस नहीं कर सकते हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण खेल नॉकआउट, सेमीफाइनल और फाइनल...। तभी वह अनुभव वास्तव में आपकी मदद करता है।÷

भारतीय टीम में हो रहे बदलाव टी20 विश्वकप 2022 में करीब दो महीने का समय बाकी है, इसके बाद भी भारतीय लिमिटेड ओवर टीम में लगातार बदलाव हो रहे हैं। इस पर ओझा ने कहा, जब आपके पास इतना बड़ा पूल रहते हैं, तो उसका नीचे भी अगर आप देखते हैं, तो जब भी आपको मौका मिलता है ... यह सीमित होगा। अगर आपका पूल बड़ा नहीं है, तो शायद आपको 10-12 मौके मिलें, लेकिन जब आप अभी भारतीय क्रिकेट के बारे में बात करते हैं तो आपको 10 नहीं आपको शायद 5 मैच मिलेंगे या शायद 3 ही। प्रतिस्पर्धा आमने-सामने हो गई है। खिलाड़ी प्रदर्शन कर रहे हैं इसलिए आपको अपने लिए ए गेम लाना होगा और यदि आप प्रदर्शन नहीं करते हैं और कोई दूसरा व्यक्ति करता है और कोई सीनियर खेल वापस आ जाता है, तो दुर्भाग्य से आप चूक जाएंगे।÷

## तानिया सचदेव ने भारत की महिला टीम को जीत दिलाई

**मामल्लापुरम ,02 अगस्त 2022।** तानिया सचदेव ने कीमती अंक हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की और यह उनका ही शानदार प्रदर्शन था जिसके दम पर भारत-ए टीम ने मामल्लापुरम में जारी 44 वें शतरंज ओलंपियाड में महिला वर्ग के चौथे राउंड के मैच में हंगरी के खिलाफ 2.5-1.5 के अंतर से सनसनीखेज जीत दर्ज की।

कोनेरू हम्पी, द्रोणावल्ली हरिका और आर वैशाली के अपने-अपने मुकाबलों में ड्रॉ खेलने के बाद, सचदेव ने अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए सामने आए अवसर पर शानदार प्रदर्शन किया। तानिया ने निर्णायक अंक अर्जित करने के साथ-साथ टीम के लिए मैच पर कब्जा करने के लिए जसोका गाल को हराया।

मैच के बाद तानिया सचदेव ने कहा, यह एक कठिन स्थिति थी और मुझे पता था कि हमारे दो बोर्ड ड्रॉ में समाप्त हो गए थे। हमारे खिलाफ एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम थी। अब समय आ गया है कि हमें मजबूत टीमों के खिलाफ खेलना होगा। इसलिए, मुझे लगता है कि हमें प्रतियोगिता के लिए तैयार रहने की जरूरत है। हम अगले मैच की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

तानिया के इस बेहतरीन प्रदर्शन के बाद भारत की महिला ए टीम के कोच अभिजीत कुंटे ने कहा, टीमें अच्छी तरह से संतुलित हैं और एक समय में एक राउंड खेलना बहुत महत्वपूर्ण है। आज के सभी मैचों में हमने अच्छा प्रदर्शन किया।

## संन्यास के 20 साल बाद न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर का बड़ा खुलासा,गे होने की बात स्वीकारी

**नई दिल्ली, 02 अगस्त 2022।** पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज हीथ डेविस समलैंगिक के रूप में सामने आने वाले न्यूजीलैंड के पहले पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बन गए हैं। प्रोफेशनल पुरुष क्रिकेट में यह अभी भी दुर्लभ है। 50 वर्ष के डेविस ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हैं। उन्होंने 1994 से 1997 तक पांच टेस्ट और 11 वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और साथ ही एक तेज लेकिन अनियमित तेज गेंदबाज के रूप में एक लंबे घरेलू करियर का आनंद लिया।




### मैं छुपा रहा था

ऑनलाइन पत्रिका द स्पिनऑफ को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, ÷मुझे लगा कि मेरे जीवन का यह हिस्सा था जिसे मैं छुपा रहा था। बहुत कुछ था, बस अपने निजी जीवन को अलग रखना। यह अकेला था, मैं इसे दबा रहा था, मैं समलैंगिक जीवन नहीं जी रहा था। डेविस ने कहा कि 1997 में अपने मूल वेलिंगटन से बाहर कदम रखकर ऑकलैंड में घरेलू क्रिकेट खेलने पर उनकी जिंदगी में सुधार हुआ। ऑकलैंड टीम में हर कोई जानता था कि मैं समलैंगिक हूं, लेकिन यह इतना बड़ा मुद्दा नहीं लग रहा था ... मैं बस स्वतंत्र महसूस कर रहा था।÷

### महिला क्रिकेटर्स ने की शादी

बता दें कि इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर स्टीवन डेविस ने साल 2011 में सार्वजनिक रूप से समलैंगिक होने की बात स्वीकारी थी। इससे पहले वुमेंस क्रिकेट में कई समलैंगिक खिलाड़ी सामने आ चुके हैं। इनमें से कई महिला क्रिकेटर्स शादी के बंधन में भी बंध गई हैं। नताली सीवर और कैथरीन ब्रंट, एमी सैटरथवेट और ली ताहुहू, लॉरेन-विनफील्ड और कोर्टनी हिल, लिजेल ली और तंजा क्रोन्ये ऐसी कई महिला समलैंगिक खिलाड़ी हैं, लेकिन प्रोफेशनल पुरुष क्रिकेट में ऐसा कम ही सामने आया है। हालांकि अब यह लिस्ट बढ़ती जा रही है।

## फिल्म उद्योग में 30 साल पूरे करने पर अजय देवगन ने काजोल के लिए लिखा नोट



बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने हिंदी सिनेमा में तीन दशक पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर, उनके पति, अभिनेता-निर्माता-निर्देशक अजय देवगन ने अपनी पत्नी के लिए एक विशेष संदेश साझा किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाओं को इजहार किया। रनवे 24 के अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म तानाजी¬ द अनसंग वॉरियर से एक तस्वीर साझा की, जहां उन्हें और काजोल को एक साथ महाराष्ट्रीयन लोक नृत्य में देखा जा सकता है।

अजय ने कैप्शन में लिखा, सिनेमा में तीन दशक! और, आप सभी उत्साहित हैं! सच कहूं, तो आप अभी शुरूआत कर रही हैं। कई और मील के पत्थर, फिल्मों और यादों के लिए।1992 की फिल्म बेखुदी से अपने फिल्मी सफर की शुरूआत करने वाली काजोल ने अपने 30 साल के करियर में कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें बाजीगर, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, करण अर्जुन, गुप्त, प्यार तो होना ही था कुछ कुछ होता है और कभी खुशी कभी गम शामिल हैं।अभिनेत्री ने 2021 में अपनी स्ट्रीमिंग फिल्म त्रिभंगा के साथ डिजिटल शुरूआत की और अब अपनी आगामी वेबसीरीज के साथ लंबे प्रारूप वाली सामग्री की दुनिया में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आएगी।

## झलक दिखला जा 10 में घायल शुभांगी अत्रे की जगह लेंगी शिल्पा शिंदे



अभिनेत्री शुभांगी अत्रे, जो झलक दिखला जा के आगामी सीजन में भाग लेने के लिए तैयार थीं, ने अपनी चोट के कारण शो से बाहर हो गई हैं। अब शिल्पा शिंदे उनकी जगह लेने जा रही हैं। दिलचस्प बात यह है कि शुभांगी ने लोकप्रिय सिटकॉम भाबीजी घर पर है में भाभीजी की मुख्य भूमिका के लिए शिल्पा शिंदे की जगह ली थी।

अब शिल्पा शुभांगी की जगह डांस रियलिटी शो में शामिल हो गई हैं। शिल्पा इससे पहले 2018 में बिग बॉस 11 भी जीत चुकी हैं। संयोग से शुभांगी और शिल्पा कई बार एक-दूसरे को रिप्लेस कर चुके हैं। लोकप्रिय नाटक चिड़िया घर में भी शुभांगी ने कोयल की भूमिका के लिए शिल्पा की जगह ली थी।

शुभांगी ने पहले मीडिया से कहा था, मुझे 2010 में एक गंभीर चोट लगी थी और अब भी, चोट मुझे परेशान करती है। मैंने एक डॉक्टर को दिखाया, जिसने तीन दिन के आराम की सलाह दी और दर्द निवारक और अन्य दवाएं दी हैं। उन्होंने मुझे बेहद सतर्क रहने और कभी न उठाने की सलाह दी।



## एक विलेन रिटर्न्स की ओपनिंग में योगदान देने पर गर्व महसूस कर रहे हैं अर्जुन कपूर

अर्जुन कपूर अपनी हालिया रिलीज एक विलेन रिटर्न्स को मिली प्रतिक्रिया से खुश हैं, जिसने तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 14.52 करोड़ रुपए कमा लिए। अर्जुन एक विलेन रिटर्न्स के साथ अपने करियर की पांचवीं सबसे बड़ी ओपनिंग करने को लेकर रोमांचित हैं। अर्जुन की सबसे बड़ी ओपनर गुंडे 16.12 करोड़, 2 स्टेट्स ने 12.42 करोड़ और हाफ गर्लफ्रेंड ने 10.27 करोड़ पर ओपनिंग की।

एक विलेन रिटर्न्स की ओपनिंग 7.05 करोड़ से हुई। अर्जुन कपूर कहते हैं, बात ये है कि एक विलेन रिटर्न्स की ओपनिंग मेरे करियर की पांचवीं सबसे बड़ी ओपनिंग है, भले ही उद्योग महामारी के बाद उबर रहा है, यह एक ठीक ओपनिंग है। मैंने लगातार ऐसी फिल्में करने की कोशिश की है जो युवाओं से जुड़ती हैं।

जनता और उन्हें एक विलेन रिटर्न्स का आनंद लेते हुए देखना बहुत अच्छा लगता है।अर्जुन इस बात से रोमांचित हैं कि वह काउंटरों पर एक हिंदी फिल्म की ओपनिंग में योगदान दे सकते हैं। अर्जुन का कहना है, मेरे लिए, व्यक्तिगत रूप से, गर्व करने के लिए बहुत कुछ है, यह कि मैं काउंटरों पर बॉलीवुड फिल्म की ओपनिंग में योगदान देने में सक्षम हूं, पर्याप्त है।

काम की बात करें तो एक्टर आसमान भारद्वाज की कुत्ते और अजय बहल की द लेडीकिलर में नजर आएंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होगा अक्षय और भूमि की अपकमिंग मूवी का प्रचार

निर्देशक आनंद एल राय की रक्षाबंधन ने ट्रेलर रिलीज होने के उपरांत से अपने सभी प्रशंसकों के मध्य एक चर्चा पैदा कर दी है। रक्षाबंधन अभिनीत अक्षय कुमार एक महान भावनात्मक पारिवारिक ड्रामा है जो भाई-बहन के खूबसूरत बंधन को भी दर्शा रहा है और प्रशंसकों ने इसे लाइव देखने के लिए अपनी उत्सुकता जाहिर करने के लिए इसे पहले ही सोशल मीडिया की मदद ले रहे है। अक्षय कुमार, भूमि पेडनेकर और मूवी के कलाकार मीडिया और उनके प्रशंसकों के साथ विभिन्न मौकों पर बातचीत करते हुए दिखाई आए और मूवी के प्रचार में सबसे आगे नजर आए। निर्देशक आनंद एल. राय को हाल ही में मूवी के कलाकारों के साथ मूवी के अंतर्राष्ट्रीय प्रचार के लिए हवाई अड्डे की ओर जाते हुए देखा जा चुका है ।



अक्षय कुमार की ऑन-स्क्रीन बहनों सादिया खतीब, स्मृति श्रीकांत और सहजमीन कौर के साथ निर्देशक को दुबई में मूवी के प्रमोशनल एक्टिविटी के लिए हवाई अड्डे की ओर जाते हुए देखा जा चुका है। क्रू प्रमोशन के लिए पूरी तरह से तैयार दिखाई दे रहा था और उनके बेहतरीन अवतारों ने हमारा सारा ध्यान अपनी तरफ कर लिया। बहनें अपने पहनावे में खूबसूरत लग रही थीं और उनके चेहरे की मुस्कान यह सब बयां कर रही थी। एक्टर अक्षय कुमार के साथ उनकी पहली मूवी होने के नाते, अभिनेत्रियां एनर्जेटिक और दुबई में फिल्म के प्रचार के लिए तैयार नजर आई है।



## दिव्यांगना जैन ने उड़ती का नाम रज्जो में एक जटिल किरदार निभाया है

स्वर्ण घर की अभिनेत्री दिव्यांगना जैन उड़ती का नाम रज्जो शो में एक जटिल व्यक्तित्व कालिंदी की भूमिका निभाने के बारे में बात करती हैं। वह कहती है, मैं शो में कालिंदी की भूमिका निभा रही हूं। वह एक जटिल महिला है जिसे मैं कहूंगी कि इसे करने में मेरी दिलचस्पी है।

मैं उड़ती का नाम रज्जो की यात्रा के लिए आभारी और उत्साहित हूं।सतरंगी ससुराल, अलादीन- नाम तो सुना होगा, गंगा जैसे टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकीं दिव्यांगना का कहना है कि उन्हें क्रिएटिव डायरेक्टर और प्रोड्यूसर मुक्ता धोंड के साथ काम करने में मजा आता है।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, मैं मुक्ता मैम के साथ पहली बार काम करके खुश हूं। वह एक असाधारण रचनात्मक निर्देशक और निर्माता हैं, जैसा कि हम सभी जानते हैं।ये सीरियल एक युवा और ऊर्जावान लड़की रज्जो (सेलेस्टी बैरागी द्वारा अभिनीत) के बारे में है, जो एक एथलीट बनना चाहती है और अर्जुन (राजवीर सिंह) उसे अपने सपने को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। उड़ती का नाम रज्जो 8 अगस्त से स्टार प्लस पर शुरू होगा।













## संक्षिप्त समाचार



### छत्तीसगढ़ की पहली महिला लेफ्टिनेंट वंशिका पांडे को मुख्यमंत्री बघेल ने दी बधाई, कहा - वंशिका बिटिया ने पूरे प्रदेश का मान

**रायपुर, 02 अगस्त 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारतीय थल सेना में छत्तीसगढ़ की पहली महिला लेफ्टिनेंट बनने पर वंशिका पांडे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने भी वंशिका पांडे को बधाई और उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा है कि वंशिका बिटिया ने अपने माता-पिता सहित पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। उनकी यह सफलता प्रदेश की लाखों युवतियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के राजनांदगांव में पली-बढ़ी वंशिका पांडे को विगत 30 जुलाई को चेन्नई स्थित प्रशिक्षण अकादमी की पासिंग आउट परेड में लेफ्टिनेंट की पदवी से विभूषित किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में तबादले को लेकर गठित उपसमिति की अनुशंसा, ये होगी राज्य की तबादला नीति



**छत्तीसगढ़ में तबादले को लेकर गठित उपसमिति की अनुशंसा**

**रायपुर, 02 अगस्त 2022।** राज्य में सरकारी सेवकों के तबादलों के लिए मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने नीति तैयार कर ली है। इसके तहत जिलों के भीतर तबादले 16 अगस्त से 15 सितंबर तक, और राज्य स्तर के तबादले 16 सितंबर से 30 सितंबर करने की अनुशंसा की गई है। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, और परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर और उपसमिति के सदस्य मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, डॉ. प्रेमसाय सिंह, और अनिला भेड़िया ने बैठक लेकर तबादला नीति तैयार की है।

### पत्नी और बच्चे से मारपीट

**रायपुर, 02 अगस्त 2022।** टैगोर नगर कोतवाली में एक युवक ने अपनी पत्नी व बच्चे से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पूर्वी जैन 32 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि वह अपने पति के साथ तलाक का केस कोर्ट में चल रहा है। जिससे उसका पति आरोपी रितेश बोहरा 32 वर्ष ने प्रार्थिया व उसके पुत्र सयान 7 वर्ष के साथ गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से जेवर पार



**रायपुर, 02 अगस्त 2022।** भनपुरी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रानी सोनवानी 28 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि कल शाम वह अपने घर में ताला लगाकर मार्केट गई थी। जब एक घंटे बाद वापस लौटी तो देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है और आलमारी में रखे सोने के जेवर गायब है। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# भूपेश ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**रायपुर, 02 अगस्त 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। सीबीआई छापे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि केंद्र की सरकार लगातार हमारी पार्टी को हमारे नेताओं को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ करने के बाद नेशनल हेराल्ड मीडिया हाउस में छापा डाला है। आज नेशनल हेराल्ड में है, कल आप लोगों की बारी है।

बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खरोरा के लिए रवाना हो चुके हैं। इससे पहले मीडिया से बात करते हुए उन्होंने बताया कि खरोरा में आज कार्यक्रम है. किसानों से भी मुलाकात होगी। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले पंडित रविशंकर शुक्ल की जयंती पर उन्हों नमन किया. वहीं उन्होंने ट्रांसफर को लेकर भाजपा की ओर से लगाए गए आरोपों पर पलटवार किया।.



तबादला नीति पर विपक्ष की ओर लगाए गए लेटलतीफी के आरोप में मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 साल तक वो (पूर्ववर्ती भाजपा सरकार) क्या करते रहे ? ट्रांसफर पैसा कमाने का जरिया है या व्यवस्था सुधार करने का ? इनको रात में भी वही पैसा दिखाई देता है सपने में. उन्होंने कहा कि ये 15 साल वही करते रहे और जो करते आए हैं वही बता रहे हैं।

प्रदेश में सूखे की हालत को लेकर सीएम ने कहा कि जिन तहसीलों में सूखा हो, वहां अभी बरसात की संभावना बनी हुई है. लेकिन फिर भी नगरीय सर्वे करना उचित है, सरगुजा संभाग के कुछ जिले और तहसील ज्यादा हैं, वहां 12 और तहसील हैं जहां कम बारिश हुई है. उसके सर्वेक्षण पर काम शुरू हुआ है.

हर घर तिरंगा अभियान सीएम ने कहा कि भारत सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान चलाया है. छत्तीसगढ़ में हम लोगों ने भी इस तिरंगा अभियान में वर्चुअल हिस्सा लेने की अपील की है. 9 अगस्त से भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत हुई थी, उस दिन से 9 से 15 अगस्त तक कांग्रेस पार्टी भी हर एक विधानसभा में 75 किलोमीटर पदयात्रा करेगी. वहीं विष्णुदेव साय के बयान पर सीएम ने कहा कि अभी तो 15 अगस्त नहीं आया है. 15 अगस्त तक भी बारिश होती है, तो धान की फसल अच्छी होती है. लेकिन इसके पहले विष्णुदेव साय ने एक बार भी बात नहीं की जबकि जशपुर में पानी बहुत कम गिरा है.।

## सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले 8 के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर, 02 अगस्त 2022।** सोशल मीडिया पर अशील वीडियो अपलोड करने वाले अलग-अलग मामलों में राजधानी पुलिस ने 8 आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शुभम सिंह 24 वर्ष ने अपने मोबाइल क्रमांक 83198-99623 से विभिन्न सोशल मीडिया इंस्ट्राग्राम में महिला एवं बच्चों से संबंधित अशील सामाग्री अपलोड किया। जिसकी जानकारी होने पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा आई. टी. एक्ट 66, 67 ख के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने मोबाइल नंबर 77421-91394 के धारक के खिलाफ भी अशील वीडियो डालने के मामले में अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं कबीरनगर पुलिस ने मोबाइल फोन 90090-99808 धारक सरोज साहू, डीडीनगर पुलिस ने मोबाइल क्रमांक 78988-33115 धारक विजय वर्मा व धरसींवा पुलिस ने आरोपी रोहन धुरंधर, भेनू यादव व मोहम्मद अंसारी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी विनय कुमार यादव के खिलाफ कार्रवाई की है। सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा 67 ए, 67 बी के तहत अपराध दर्ज किया है।




## जुलाई में सबसे कम रही छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर

### सीएमआईई ने जारी किये नये आंकड़े,देश की औसत बेरोजगारी दर 6.9 प्रतिशत है

**रायपुर, 02 अगस्त 2022।** पिछले कई महीनों से छत्तीसगढ़ लगातार देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्य का गौरव हासिल करता आया है। जुलाई माह में भी राज्य की बेरोजगारी दर मात्र 0.8 प्रतिशत रही, जबकि देश की औसत बेरोजगारी दर 6.9 प्रतिशत दर्ज की गई। इससे पहले मई माह में छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर 0.7 प्रतिशत थी, जबकि तब देश की बेरोजगारी दर 7.1 प्रतिशत दर्ज की गई थी। इससे पहले मार्च और अप्रैल माह में भी छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर देश में सबसे कम 0.6 प्रतिशत थी। सीएमआईई के नये आंकड़ों के अनुसार जुलाई माह में हरियाणा में 26.9 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 20.2 प्रतिशत, बिहार में 18.8 प्रतिशत, गोवा में 13.7 प्रतिशत, त्रिपुरा में 13 प्रतिशत, दिल्ली में 8.9 प्रतिशत, पंजाब में 7.7 प्रतिशत, हिमांचल प्रदेश में 6.3 प्रतिशत, उत्तरप्रदेश में 3.3 प्रतिशत, गुजरात में 2.2 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 2.0 प्रतिशत, बेरोजगारी दर दर्ज की गई।



साढ़े तीन साल पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नयी सरकार बनने के बाद शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संतुलित करने वाली तथा रोजगार के नये अवसरों का सृजन करने वाली योजनाओं पर शासन का सर्वाधिक जोर रहा। सरकार बनने के तुरंत बाद किसानों को से मुक्ति तथा लंबित सिंचाई कर की माफी से इसकी शुरुआत की गई।

इसके बाद राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी कार्यक्रम, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन किसान न्याय योजना, नयी औद्योगिक नीति का निर्माण, वन तथा कृषि उपजों के संग्रहण की बेहतर व्यवस्था, उपजों का स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण तथा वैल्यू एडीशन, ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की स्थापना, लघु वनोपजों के संग्रहण दर में वृद्धि तथा 65 तरह के लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीद, तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर में वृद्धि, मछली पालन तथा लाख उत्पादन को कृषि का दर्जा, परंपरागत शिल्पियों, बुनकरों तथा उद्यमियों को प्रोत्साहन, हर जिले में सी-मार्ट की स्थापना जैसे अनेक कदम उठाए गए।

# सड़क हादसे पर लगाम लगाने बैठक

## नशे में गाड़ी चलाने और बिना हेलमेट वालों की अब खैर नहीं, परिवहन मंत्री अकबर ने सख्त कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**रायपुर, 02 अगस्त 2022।** परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक हुई. मंत्री अकबर ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम सहित यातायात को बेहतर बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित प्रयास करने पर विशेष जोर दिया. लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने और इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए.




### 2021 में सड़क हादसे में 5371 लोगों की मौत

बैठक में बताया गया कि राज्य में वर्ष 2021 में 12 हजार 375 सड़क दुर्घटनाओं में 5371 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 10 हजार 683 व्यक्ति घायल हुए. वर्ष 2022 के प्रथम छह माह में 6981 सड़क दुर्घटनाओं में 3053 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 6441 व्यक्ति घायल हुए हैं. दुर्घटना मृत्यु में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित विभागों को सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए विशेष जोर दिया गया और वाहन चालकों के क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए. इस वर्ष जनवरी से जून तक कुल एक लाख 87 हजार 155 प्रकरणों में चालानी कार्यवाही कर 6 करोड़ 8 लाख 75 हजार 750 रुपए वसूल किए गए.

राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में परिवहन मंत्री अकबर ने चर्चा करते हुए सड़क सुरक्षा तथा दुर्घटना पर नियंत्रण के लिए ओव्हर लोडिंग, अत्यधिक गति व नशे की हालात और बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया. उन्होंने इसके लिए पुलिस तथा परिवहन विभाग को विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए. मंत्री अकबर ने बैठक में चर्चा करते हुए वाहनों की सघन जांच और तेज गति को नियंत्रित करने के लिए स्पीड गवर्नर लगाने की दिशा में कार्रवाई करने तथा नशापान और सड़क पर स्टंट करके वाहन चलाने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया.

**वाहन चालकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

परिवहन मंत्री अकबर ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात के लिए वाहन चालकों के प्रशिक्षण पर भी विशेष जोर दिया. उन्होंने ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन के बाद उनमें तत्परता से सुधार की कार्रवाई के लिए भी निर्देश दिए.दुर्घटना के शिकार लोगों के त्वरित उपचार के लिए व्यवस्था, राज्य में ट्रांमा सेंटर की स्थिति, पाठ्यपुस्तकों में यातायात शिक्षा सामग्री का समावेश और यातायात के नियमों के उल्लंघन पर चालानी कार्रवाई तथा यातायात नियमों के पालन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की.

**अतिक्रमण हटाने व संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश**

बैठक में मंत्री अकबर ने राज्य में जरूरत के मुताबिक सर्विस सड़कों की चैड़ाई बढ़ाने, ग्रामीण सड़कों के मुख्य मार्ग में शामिल होने वाले जक्शन से अतिक्रमण हटाने सहित मार्गों में संकेतक और चेतावनी संबंधी बोर्ड लगाए जाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए. इस दौरान रायपुर से बिलासपुर हाइवे मार्ग अंतर्गत धनेली से सिलतरा सर्विस मार्ग के चैड़ीकरण के लिए आवश्यक निर्णय लिया गया. बैठक में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए ''गुड समैरिटन को पुरस्कृत करने अनुदान योजना'' के तहत प्रत्येक नेक व्यक्ति को प्रदाय 5 हजार रुपए की राशि में बढ़ोतरी करने के संबंध में भी चर्चा की गई.

**बैठक में ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर लोक निर्माण तथा गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय, राज्य गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, विधायक अरूण वोरा, प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात प्रदीप गुप्ता, सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, सचिव शहला निगार, सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, सचिव टोपेश्वर वर्मा, आयुक्त परिवहन दीपांशु काबरा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

**ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई, 1 अरब 7 करोड़ की वसूली**

बैठक में अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा एवं संयुक्त परिवहन आयुक्त संजय शर्मा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा सड़क सुरक्षा के संबंध में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि राज्य में ओव्हर लोड वाहनों पर कार्यवाही के तहत वर्ष 2019 में 15 करोड़ 96 लाख, वर्ष 2020 में 43 करोड़ 43 लाख और वर्ष 2021 में 01 अरब 7 करोड़ रुपए के समझौता शुल्क की वसूली की गई.।

नाम बदलने पर सियासी संग्राम

## विष्णुदेव साय बोले- यह बदले की राजनीति

» **नाम बदल के नहीं, काम करके दिखाना होगा, मंत्री भगत ने कहा- बीजेपी इस वक्त पूरे हिंदुस्तान में फस्ट्रेशन में है, पचाने की स्थिति में नहीं**

**रायपुर, 02 अगस्त 2022।** छत्तीसगढ़ में भी अब नाम बदलने की परंपरा रफ्तार पकड़ने लगी है. इसी को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासी संग्राम शुरू हो गया गया. चंदखुरी, गिरौदपुरी और सोनाखान के नाम बदले जाने पर राजनीति शुरू हो गई है.

क्क्षक्कप्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि यह बदले की राजनीति है. वैसे भी नाम बदलने से कुछ नहीं होगा. काम करके दिखाना होगा. नाम बदलने का विरोध नहीं करते पर काम करके दिखाना होगा.



बीजेपी के इस बयान पर मंत्री अमरजीत भगत ने भी पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो भी कम करते हैं, तर्कसंगत करते हैं, ये जगह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि रही है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का यह कदम सराहनीय है.

अमरजीत भगत ने कहा कि बीजेपी इसे बदले की राजनीति कह रही है. इस पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस वक्त पूरे हिंदुस्तान में फस्ट्रेशन में है. वह किसी को पचाने की स्थिति में नहीं है, कोई भी अगर उनका विरोध कर दिया तो वह कहते हैं, हमारा विरोध क्यों कर दिया हम अपना गलती नहीं देखेंगे.

बता दें कि चंदखुरी, गिरौदपुरी और सोनाखान का नाम बदला गया है. विश्व का एकमात्र कौशल्या मंदिर चंदखुरी में है, साथ ही श्रीराम वनपथ गमन पर्यटन परिपथ में भी चंदखुरी में शामिल है, इसलिए चंदखुरी का नया नाम माता कौशल्याधाम रखा गया है. गिरौदपुरी का नया नाम बाबा गुरू घासीदास धाम होगा. गिरौदपुरी सतनाम पंथ के अनुयायियों की आस्था का बड़ा केन्द्र है.

वहीं सोनाखान का नया नाम शहीद वीरनारायण सिंह धाम रखा गया है.।

## 5 अगस्त को राजभवन घेरेगी कांग्रेस

### महंगाई-बेरोजगारी पर छत्तीसगढ़ में बड़े प्रदर्शन की तैयारी

**रायपुर, 02 अगस्त 2022।** महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस 5 अगस्त को राजभवन का घेराव करेगी। नेताओं-कार्यकर्ता को प्रदेश भर के ब्लॉक-जिला मुख्यालयों पर भी प्रदर्शन कर गिरफ्तारी देने को कहा गया है। प्रदर्शन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हो सकते हैं।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया, पांच अगस्त को सुबह 11 बजे से रायपुर के आम्बेडकर चौक पर धरना प्रदर्शन शुरू हो जाएगा। वहां एक सभा को संबोधित करने के बाद संगठन के लोग राजभवन का घेराव करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित तमाम वरिष्ठ नेता शामिल होने वाले हैं।

राजभवन घेराव में सभी विधायक, पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता भाग लेंगे और सामूहिक गिरफ्तारी देंगे। लोकसभा और राज्यसभा के सांसद उस दिन दिल्ली में संसद से राष्ट्रपति भवन तक चलो राष्ट्रपति भवन मार्च करके महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ विरोध दर्ज कराएंगे। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री आवास घेराव करेगी, जिसमें कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य गण एवं वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

# बीजेपी ने की विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति

## उपासने पाटन तो ज्योतिनंद दुबे को अंबिकापुर की जिम्मेदारी

मिशन 2023

**रायपुर, 02 अगस्त 2022।** मिशन-23 की तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ भाजपा ने प्रदेश की सभी 90 विस क्षेत्रों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। इसकी घोषणा एक-दो दिन में कर दी जाएगी।

प्राप्त जानकारी के के अनुसार अंबिकापुर में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव और पाटन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पटखनी देने क्रमशः ज्योतिनंद दुबे, सच्चिदानंद उपासने रणनीति तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने प्रदेशाध्यक्ष, महामंत्री के साथ बैठक कर सूची को हरी झंडी दी।

जानकारी के अनुसार जिन संदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है उन्हें हर माह अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र में जाकर 10-10 दिन गुजारना होगा। यह क्रम चुनाव की घोषणा तक जारी रहेगा।

विधानसभा प्रभारियों को कार्यकर्ताओं के घर रहना, सभी कार्यकर्ताओं नेताओं से चर्चा, इलाके के प्रबुद्धजन, किसानों युवाओं से चर्चा कर भाजपा की रीति नीति, 15 साल में हुए विकास, मोदी सरकार की खूबियां बतानी होगी। इस दौरे की रिपोर्ट हर माह संगठन महामंत्री को देना अनिवार्य है।

**सरगुजा संभागः** भरतपुर-सोनहत भारत सिंह सिसोदिया ,मनेद्रगढ़ प्रबोध मिंज ,बैकुंठपुर अनुराग सिंह देव ,प्रेमनगर राजा पाण्डेय , भटगांव मनोज शर्मा ,प्रतापपुर गौरीशंकर अग्रवाल , रामानुजगंज अनिल सिंह मेजर , सामरी नरेश नंदे ,लुण्ड्रा रामकृपाल साहु , अम्बिकापुर ज्योतिनंद दुबे , सीतापुर रामलखन सिंह पैकरा , जशपुर रमन अग्रवाल , कुनकुरी रामकिशुन सिंह, पत्थलगांव राजेश शर्मा।

**बिलासपुर संभागः** लैलूंगा लखनलाल देवांगन,रायगढ़ विजय शर्मा,सारंगढ़ छत्तर सिंह नायक, खरसियां निर्मल सिन्हा,धर्मजयगढ़ अशोक चावलानी,रामपुर कैलाश साहु,कोरबा ओ पी चौधरी, कटघोरा दिनेश सिंह,पाली तानाखार हर्षिता पाण्डेय, कोटा प्रशांत सिंह, तखतपुर विशेषवर पटेल, बिल्हा गुलाब सिंह चंदेल,बिलासपुर मोती लाल साहु, बेलतरा प्रदीप नामदेव, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार,मरवाही संजय अग्रवाल,लोरमी रामकुमार भट्ट, मुंगेली शंकरलाल अग्रवाल,, अकरतला ब्रजेश गुप्ता, जांजगीर-चांपा सत्यानंद राठिया, सक्ती गुरूपाल सिंह भल्ला, चंद्रपुर राजेश सिंह, जैजैपुर विवेक रंजन सिन्हा,पामगढ़ किशोर राय



**रायपुर संभागः** सराईपाली कमल गर्ग, बसना संदीप शर्मा, खल्लारी संतोष उपाध्याय, महासमुंद प्रफुल्ल विश्वकर्मा, बिलाईगढ़ गुलाब सिंह टेकरिया, कसडोल अशोक पांडेय, बलौदाबाजार माती राम चंद्रवंशी ,भाठापारा सूर्यकांत राठौर, रायपुर ग्रामीण अभिषेक सिंह, रायपुर नगर पश्चिम प्रीतम दिवान,रायपुर उत्तर पूनम चंद्राकर,धरसीवां प्रहलाद रजक,आरंग अनिल पाण्डेय, अभनपुर ओमप्रकाश यदुवंशी, राजिम दीपक मन्हसके, बिन्द्रानवागढ़ राकेश यादव, सिहावा कमलचंद्र भजदेव,धमतरी नीलू शर्मा।

**दुर्ग संभागः** संजारी बालोद केदार गुप्ता, डोंडीलोहारा प्रदीप गांधी, गुंडरदेही जगदीश रोहरा, पाटन सच्चिदानंद उपासने, दुर्ग ग्रामीण मुरदर मिश्रा, दुर्ग शहर राजीव अग्रवाल, अहिवारा रामकुमार साहु, भिलाई नगर चंदूलाल साहू, वैशाली नगर विकास महंतो, साजा अजय राव, बेमेतरा जयंती पटेल, नवागढ़ तोखन साहू, पंडरिया लाभचंद बाफना, कवर्धा लखन लाल साहू, खैरागढ़ सियाराम साहू, डोंगरगढ़ विरेन्द्र साहू, राजनांदगांव संजय श्रीवास्तव, डोंगरगांव सावला राम डाहरे, खुज्जी कोमल जंघेल, मोहला.मानपुर यज्ञदत्त शर्मा **बस्तर संभागः** अंतागढ़ गौतम गोलछा, भानुप्रतापपुर इंदर चोपड़ा,कांकेर कमलेश ठोकने, केशकाल टेकेश्वर जैन, कोण्डागांव श्रीनिवास राव मद्दी, नारायणपुर भरत मटियारा, बस्तर आलोक सिंह ठाकुर, जगदलपुर ब्रम्हानंद नेताम, चित्रकोट नवीन विश्वकर्मा, दंतेवाड़ा जी वैकटेश्वर राव, बीजापुर धनीराम बारसे, कोन्टा सुधीर पाण्डेय, आशोक साहू शामिल हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)